mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

www.rashtriyamukhyadhara.com

बोकारो, रविवार
28.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 85



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# इंडिया गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा: मोदी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये CAA को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी DMK के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

**बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं** : कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के



युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

**कांग्रेस धारा 370 बहाल करना चाहती है** : जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे।

### कांग्रेस ने राम मंदिर बनाने का विरोध किया

अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। जबकि अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरूध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है। तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में मौजूद रहे।

### कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच करवाएगी

कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी... जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

मोदी ने कहा- ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग CAA रद्द कर देंगे। क्या ये देश इनको करने देगा। जिन लोगों के तीन अंकों में लोकसभा सीट जीतने के लाले पड़ हो। क्या ये INDIA गठबंधन सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। कांग्रेस की काफी करीबी डीएमके पार्टी डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। जो लोग सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करते हैं, उन्हें INDI एलायंस ने महाराष्ट्र में आमंत्रित किया है और उनका यहां स्वागत किया जाता है। INDI एलायंस वोट बैंक की राजनीति में इतना नीचे गिर गया है कि उन्होंने औरंगजेब को मानने वाले लोगों के साथ गठबंधन किया है।

## जनता की कमाई घुसपैठियों में बांटना चाहती कांग्रेस- अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की मंशा जनता पर वसूली और विरासत टैक्स लगाने की है जबकि भाजपा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस जनता के मेहनत की कमाई को घुसपैठियों में बांटना चाहती है। आज देश के सामने एक ओर कांग्रेस है जिनकी सारी गारंटी फेल हैं और दूसरी ओर मोदी हैं जिनकी सभी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड गबन, वसूली और भ्रष्टाचार का है जबकि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का है। शनिवार को हमीरपुर में मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'कांग्रेस का हाथ विदेशी ताकतों' के साथ नजर आता है। यह लोग भारत को टुकड़ों में बांटना चाहते हैं। इनमें से कोई कहता है की नॉर्थ और साउथ को अलग कर दो तो कोई कहता है कि सनातन को कुचल देंगे। स्व. इंदिरा गांधी की सरकार तक देश में कानून के अनुसार इंदिरा जी की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति देश के खजाने में जानी थी लेकिन जब राजीव गांधी आए तो उन्होंने इस कानून को बदल दिया ताकि इंदिरा गांधी की संपत्ति वे अपने नाम कर सकें।

## नियंत्रण से बाहर नैनीताल की आग

### रिहायशी इलाको में दहशत, हेलीकॉप्टर बुलाने की तैयारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नैनीताल



जिला मुख्यालय से लगे जंगल में आग इतनी भड़क गई है कि उसे नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। आग की लपटें नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी तक पहुंच गई है। इससे रिहायशी इलाकों में दशहत का माहौल देखा जा रहा है। आग पर नियंत्रण के लिए वनकर्मी, सेना और स्थानीय प्रशासन के लोग जुटे हुए हैं। इसके बाद भी आग लगातार भड़क रही है। यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो आग को बुझाने के लिए हेलीकॉप्टरों को भी लगाया जा सकता है। नैनीताल प्रशासन ने आग बुझाने के लिए 42 कर्मियों को तैनात किया है। नैनीताल के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर चंद्रशेखर जोशी ने बताया, हमने आग बुझाने के लिए मनोरा रेंज के 40 कर्मियों और दो वन रेंजरों को तैनात किया है।उत्तराखंड के वन विभाग ने कहा है कि 24 घंटों में राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26 और गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं सामने आईं। आग के कारण 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नैनीताल जिला मुख्यालय के पास लगी आग से पाइंस इलाके में स्थित हाई कोर्ट कॉलोनी के निवासियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। इससे यातायात भी बाधित हुआ। स्थानीय निवासी ने बताया, आग ने पाइंस के पास स्थित एक पुराने और खाली घर को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे हाईकोर्ट कॉलोनी को कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यह खतरनाक रूप से इमारतों के करीब पहुंच गई है। बीती शाम से आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।पाइंस इलाके के पास सेना के संवेदनशील ठिकानों तक आग पहुंचने की आशंका है। जंगल में लगी आग के कारण नैनीताल जिला प्रशासन ने नैनी झील में बोटिंग करने पर भी रोक लगा दी है। उत्तराखंड के अधिकारियों ने जखोली और रुद्रप्रयाग में जंगल में आग लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। रुद्रप्रयाग के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर अभिमन्यु ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जंगल की आग को रोकने के लिए गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक जखोली के तड़ियाल गांव का नरेश भट्ट था, जो जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा गया था। कथित तौर पर उसने आग इसलिए लगाई ताकि उसकी भेड़ों को नई घास मिल सके। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को अलर्ट पर रहने और जंगल की आग को रोकने के लिए उपाय करने को कहा है। बता दें कि पिछले साल 1 नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की कुल 575 घटनाएं सामने आई हैं, जिससे 689.89 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ और राज्य को 14 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

## ख़ास ख़बर

### 51 वायु योद्धा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली**। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में 3 युद्ध सेवा पदक विजेता,7 वायु सेना पदक विजेता (वीरता), 13 वायु सेना पदक विजेता और 28 विशिष्ट सेवा पदक विजेता शामिल थे। ये पुरस्कार दिल्ली में वायु सेना अलंकरण समारोह में प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत शहीद नायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किये गये। वायु सेना प्रमुख चौधरी ने हरेक पुरस्कार विजेता को उनके वीरतापूर्ण कार्यों और भारतीय वायु सेना की सच्ची परंपराओं में विशिष्ट सेवा के लिए बधाई दी। भारतीय वायुसेना ने कहा कि पहली बार सेना के किसी अंग ने एनडब्ल्यूएम परिसर में अपना अलंकरण समारोह आयोजित किया।

### एन्क्रिप्शन तोड़ने पर इंस्टैंट मैसेंजर व्हाट्सप्प ने भारत छोड़ने की धमकी दी

**नई दिल्ली**। दुनिया के सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में से एक, व्हाट्सऐप ने भारत छोड़ने की धमकी दे डाली है। मार्क जुकरबर्ग के स्वामित्व वाले मेटा प्लैटफॉर्म्स में शामिल इंस्टैंट मैसेंजर प्लैटफॉर्म ने हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष अपनी बात रखते हुए यह बात साफ तौर पर कह दी कि



अगर एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए जोर दिया गया, तो व्हाट्सऐप को मजबूरन भारत में अपनी सर्विस बंद कर देनी पड़ेगी। दरअसल, सोशल मीडिया कंपनी ने आईटी एक्ट 2021 को चुनौती देते हुए यह बात कही है। व्हाट्सऐप और उसकी पैरेंट कंपनी फेसबुक इंक (अब मेटा) ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आईटी एक्ट 2021 के नियमों को चुनौती दी है।

### विजय माल्या को फ्रांस के जरिए वापस लाने की तैयारी

**नई दिल्ली**। भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए, अगर माल्या ब्रिटेन छोडक़र दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है।

## दिल्ली सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल की रोड शो के जरिए राजनीति में एंट्री

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

### सुनीता पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का करेंगी नेतृत्व

कथित शराब घोटोल में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की मेगा रोड शो के जरिये राजनीति में एंट्री कर रही हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने बताया कि सुनीता केजरीवाल पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगी। अभी तक ऐसे कार्यक्रम का मुख्यमंत्री केजरीवाल ही नेतृत्व करते थे। उनके जेल जाने के बाद उनकी कमी को दूर करने के लिए सुनीता चुनावी मैदान में उतर रही हैं। सुनीता केजरीवाल शनिवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मेगा रोड शो से चुनावी प्रचार की शुरुआत करेंगी। रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन



मांगेगी। सुनीता केजरीवाल दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव में आप उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगी। आतिशी ने कहा कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में बीजेपी के लिए अलग माहौल बन गया है। आम जनता पूछ रही हैं कि मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया। हर कोई इस गिरफ्तारी के खिलाफ है। दिल्ली-पंजाब की जनता केजरीवाल के साथ खड़ी है। आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद केंद्र सरकार ने ईडी की मदद से दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। बीजेपी को इस चुनाव में हार का डर सता रहा है इसलिए उसने यह कार्रवाई करवाई। बीजेपी नहीं चाहती थी कि सीएम केजरीवाल चुनावी मैदान में उतरें, लेकिन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद बीजेपी को नुकसान हुआ है। दिल्ली-पंजाब के साथ दूसरे हिस्सों में जनता मुख्यमंत्री केजरीवाल के समर्थन में आई आ गई है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल के साथ स्थानीय विधायक भी प्रचार करेंगे।

## अवैध रेत खनन मामले में सीबीआई की रेड, आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**नई दिल्ली**। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राजस्थान में अवैध रेत खनन से संबंधित एक मामले की जांच अपने हाथ में



लेने के साथ ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया। सीबीआई की टीम ने बूंदी में आरोपित व्यक्तियों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। सीबीआई प्रवक्ता ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक राजस्थान पुलिस ने डंपर में 40 मीट्रिक टन लघु-खनिज (रेत) ढोने के आरोप में डंपर के मालिक को गिरफ्तार किया था। वर्तमान समय में वह न्यायिक हिरासत में है। राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर खंडपीठ के आदेश पर सीबीआई ने राजस्थान में अवैध रेत खनन के आरोपों से संबंधित एक मामला फिर से दर्ज किया है। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक अवैध खनन के आरोप में बूंदी जिला के थाना सदर में डंपर के मालिक जब्बार और डंपर ड्राइवर शाहरुख का नाम एफआईआर में दर्ज हुआ था। पहले से दर्ज इस एक मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली है। राज्य पुलिस से ऐसे मामलों की जानकारी भी मांगी गई है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय ने चंबल और बनास नदियों के आसपास के सक्रिय क्षेत्रों में इस तरह के मामलों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया है।

## महादलित के लोग चिराग के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे

राष्ट्रीय मुख्यधारा। मुजफ्फरपुर



पूर्व सीएम और हम पार्टी प्रमुख जीतन राम मांझी मुजफ्फरपुर पहुंचे जहां उन्होंने महागठबंधन पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि दलित और महादलित के लोग चिराग पासवान के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे। उन्होंने कहा कि चिराग को जानबूझ कर गाली दिलवाई गई है जिसे महादलित समाज के लोग स्वीकार नहीं करेंगे। जीतन राम मांझी एनडीए उम्मीदवार राज भूषण चौधरी निषाद के नामांकन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने कहा कि हम सच्चाई के बूते एक साथ लड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ नेतृत्व हीनता की लड़ाई लड़ते वाले लोग हैं। विरोधी दल के लोगों की नीति और नीयत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वह लोग कब का विश्वास तोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि विरोधियों को उनकी नियत की सजा जरूर मिलेगी। जीतनराम मांझी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अभी देश में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं और पीएम की कोई वैकेंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि ये विरोधी इतना बेचैन क्यों है? सबसे बड़ी बात यह है कि 2024 क्या 2030 तक देश में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। यह इतना मजबूत है कि कोई इसको डिगा नहीं सकता है।

## सुबह बादल, दिन में तेज गर्मी, फिर तेज आंधी के साथ बौछारें

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला बदला हुआ दिखाई दे रहा है। राजधानी में शुक्रवार को मौसम ने कई रंग दिखाए। सुबह की शुरुआत जहां बादलों के साथ हुई, वहीं दोपहर में तेज गर्मी पड़ी। शाम के समय तेज आंधी के साथ बौछारें आने से गर्मी से राहत मिली। इस सीजन में पहली बार तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। मई के शुरुआती दो तीन दिनों से पहले लू चलने की संभावना नहीं है। दोपहर में तेज धूप ने लोगों को काफी अधिक परेशान किया। गुरुवार को तापमान 38 डिग्री रहा था। हवा में गर्माहट के अहसास ने लोगों को लू की याद दिला दी। शाम चार बजे के बाद मौसम एक बार फिर बदलने लगा। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट को ऑरेंज अलर्ट में बदला। इसके बाद तेज आंधी



चली। आंधी के बाद कुछ जगहों पर बौछारें भी गिरी। आंधी के दौरान पालम में हवाओं की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटा और सफदरजंग में 28 किलोमीटर प्रति घंटे रही। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से दिल्ली एनसीआर का मौसम बदला है। रविवार से इसका असर खत्म हो जाएगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है।

### बिहार के रोहतास में आग लगने से चार लोगों की मौत

**पटना**। बिहार में रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रोपहथा में शनिवार की दोपहर घर में आग लगने से तीन बच्ची और एक महिला की मौत हो गई है। अन्य घरों को जलने से बचाया गया है। आग खाना बनाने के बाद चूल्हे की राख से निकली चिंगारी से लगी है। पुलिस के मुताबिक घर के आंगन में खाना बनाकर उसकी राख छोड़ दी गई थी और सभी कमरे में सो गए। राख से निकली चिंगारी घर के दरवाजे में पकड़ ली और धीरे-धीरे भीषण आग लग गयी। जिससे सभी जिंदा जल गए। मुखिया दया नंद सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है। आग पर काबू पा लिया गया है। आर्थिक मदद की बात कही गयी है।

## भारत आ रहे जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से किया हमला

राष्ट्रीय मुख्यधारा। वाशिंगटन

शनिवार को लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर हमला बोला है। भारत आ रहे जहाज पर उन्होंने मिसाइल दागी जिससे जहाज को काफी नुकसान हुआ है। विद्रोहियों ने ही बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। वे लाल सागर और अदन की खाड़ी के इलाके से गुजरने वाले जहाजों पर बीते कई महीनों से हमले कर रहे हैं। ब्रिटेन की मेरीटाइम सिक्योरिटी फर्म एंब्रे ने बताया है कि हमले के चलते जहाज को नुकसान हुआ है। एंब्रे ने बताया कि जिस जहाज पर हमला हुआ, उस पर पनामा का झंडा लगा है, लेकिन जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश कंपनी के पास है। हालांकि कहा जा रहा है कि इस जहाज को बीते दिनों बेच दिया गया था और अब सेशेल्स की कंपनी के पास इस जहाज का स्वामित्व है। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह ऑयल टैंकर है और रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार आ रहा था। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने के लिए ही अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने बीते दिनों यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले भी किए थे। हालांकि इसके बावजूद हूती विद्रोहियों के हमले नहीं रुक रहे हैं।

## 60 साल से अरुणाचल में रह रहे चकमा समुदाय को नहीं मिली नागरिकता, तीन पीढियों का जन्म अरुणाचल में

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गुवाहाटी

चकमा समुदाय के लोग अरुणाचल में 1964 में शरणार्थी के रूप में आए थे। भारत सरकार द्वारा उन्हें पुनर्वासित किया गया था। इस समुदाय की तीन पीढियों ने यहीं पर जन्म लिया है। 1964 से यह समुदाय बिना किसी अधिकार के यहां पर रह रहा है। इस समुदाय के लोगों को मुफ्त राशन, शिक्षा, छात्रवृत्ति और नौकरी की पात्रता नहीं है। केंद्रीय मंत्री और अरुणाचल के लोकसभा सांसद किरेन रिजीजू ने इन्हें मेहमान बताया है। जिसके कारण इस समुदाय के लोग भड़क गए हैं। पाकिस्तान से शरणार्थी के रूप में आए चकमा और हाजोंग मूल रूप से पूर्वी पाकिस्तानके नागरिक थे। 1971 की लड़ाई के बाद वह बांग्लादेश बन गया। जो




उस समय पाकिस्तान का हिस्सा था। वहां के चटगांव पहाड़ी इलाकों के निवासी थे। वहां पर इनका धार्मिक उत्पीड़न हो रहा था।इन्हें भाग कर भारत आना पड़ा था। वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में इनकी आबादी अब एक लाख से अधिक है।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं माना सरकार ने** : सुप्रीम कोर्ट ने 1996 और 2015 मे अरुणाचल में बसे दोनों समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता देने के पक्ष में आदेश दिया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भी 2022 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार चकमा हाजोंग को नागरिकता और उनके हक देने के लिए अनुशंसा की है। इसके बाद भी अभी तक इन्हें नागरिकता नहीं दी गई है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू के बयान से एक बार फिर अरुणाचल में अशांति की हालात पैदा हो रहे हैं।

**अरुणाचल से पलायन के लिए मजबूर** : पिछले 60 साल से चकमा समुदाय यहां पर रह रहा है। तीन पीढियों का जन्म यहां हुआ है। इसके बाद भी अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश हो जाने के बाद भी ना तो इन्हें नागरिकता दी गई है। नाही नागरिक अधिकार मिल रहे हैं। जिसके कारण यह आसपास के राज्यों में पलायन करते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### रांची में स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी , 15 बच्चे घायल




**रांची।** रांची के मांडर थाना क्षेत्र के ब्रांबे स्थित वाटर पार्क के समीप एक स्कूल बस शनिवार को अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसमें 15 बच्चे घायल हो गये हैं। एक को सिर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार बस संत मारिया स्कूल की है। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार स्थानीय लोगों के साथ बच्चों को बस से निकालकर मिशन अस्पताल ले गए हैं, जहां बच्चों का इलाज कराया। उन्होंने बताया कि एक बच्चे की सर में गंभीर चोट लगी है। कुल 15 बच्चे घायल हुए है।

### अफसर अली की दो दिनों की रिमांड अवधि बढ़ी



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में 12 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को पेश किया। ईडी ने अफसर अली से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए दो दिनों की और रिमांड देने का कोर्ट से आग्रह किया। इस पर अदालत ने दो दिनों की रिमांड प्रदान की । ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में रिमांड पर लिया था।

### अकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट में बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर ने शनिवार को जमानत याचिका दाखिल की। अदालत ने मामले में सुनवाई की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को शूटरों ने ऑफिस से घर लौटने के दौरान अकाउंटेंट संजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसके भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से खारिज हो चुकी है।

### .खेलगांव को झामुमो ने हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाया, भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचकर झामुमो द्वारा ख़ेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाने पर तीव्र विरोध करते हुए चुनाव आयोग पहुंची और मुख्य चुनाव पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले खा उप प्रमुख प्रकाश झा, अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि झामुमो द्वारा जो ख़ेलगांव को हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाया गया है वह किसके आदेश पर बना है, अभी तक कितना बार हेलीकॉप्टर उड़ा और क्या क्या हेलीकॉप्टर से गया। हेलीकॉप्टर से भारी मात्रा में चुनाव में पैसा का भी आवागमन की संभावना है। झामुमो कितना पैसा पार्किंग का दे रही है किसको दे रही है ये सब जांच का विषय है। ख़ेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग रखने से झामुमो नेता बिना जांच चेक के सीधा उड़ान भर रहे है। वहां कोई सी आई एस एफ की प्रतिनियुक्ति नहीं है जो जाने वाले व्यक्ति की जांच करे। पूरे प्रकरण में कौन कौन पदाधिकारी इसमें शामिल हैं ये भी पता लगाना आवश्यक है। फिलहाल मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जांच का आदेश दे दिया है।

### झामुमो ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** राज्य में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस बीच जेएमएम ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा नलिन सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनु, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिण्डा, योगेन्द्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटु, नन्दकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहन्ती, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसन्त सोरेन, हफिजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भुषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकाश सिंह मुण्डा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी और हेमलाल मुर्मू को लिस्ट में शामिल किया गया है।

### लोक आदलत में 3250 लंबित मामलों का निष्पादन

**रांची।** राज्य में चेक बाउंस और बिजली से सम्बंधित मामलों के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें कुल 24727 प्री लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 270528545 रुपये का निष्पादन किया गया। झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना की ओर से भी 22 अप्रैल को सभी जिलों के सम्बंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी थी। झालसा की ओर से सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को पत्र के माध्यम से उक्त विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। इसके अलावा एसओपी भी जारी किया गया था जिसके बाद छह अप्रैल को सम्बंधित डालसा अध्यक्ष की ओर से न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी । पक्षकारों को नोटिस जारी किये गये थे। उल्लेखनीय है कि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

### एसएसपी ने नक्सल प्रभावित बूथों का किया निरीक्षण

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा शनिवार को नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण किया। एसएसपी ने तमाड़ थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान कराने के लिए केंद्रीय बलों के ठहराव स्थल पियाकूली पिकेट का निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सम्बंधित बूथों के ग्रामीणों को 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जंगलों पहाड़ों के बीच बसे गांव आराहंगा के एक वृद्ध ग्रामीण ने उत्साह से अपना वोटर आई कार्ड भी दिखाया। एसएसपी ने बुंडू एसडीपीओ और तमाड़ थाना प्रभारी को मतदान के दौरान शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### राहुल गांधी की खूंटी और लोहरदगा में रैली तीन मई को

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। युवाओं, किसानों, महिलाओं और आदिवासियों के बीच राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है।

# झारखंड के सरायकेला का तापमान पहुंचा 45, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



राज्य के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मात्र छह जिलों का ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक चल रहा है। इस कारण लोगों को पूर्वाह्न दस बजे के बाद से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गोड्डा, बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू, जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रांची का तापमान 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में 28 से 29 के बीच भी देखा जायेगा। आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे से लेकर दोपहर के 04:00 बजे तक बाहर न निकले। समय-समय पर पानी पीते रहें। साथ ही कॉटन कपड़े का इस्तेमाल करें। बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह ढक लें। राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों में बच्चों को दो बार कम से कम एक-एक ग्लास पानी पिलाना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी जिलों के डीइओ और डीएसई को पत्र लिखा है। स्कूलों में 8:30 और 10:30 बजे वाटर बेल बजाने के लिए कहा गया है। यह आदेश सरकारी के साथ निजी स्कूलों में भी लागू होगा।

## सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार





**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।ग रिफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है। साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है। इस संबंध में 20 फरवरी को रांची के साइबर क्राइम थाने में एक महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक्की में बताया गया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों की ओर से मीशो एप का कस्टमर केयर बनकर एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर दो लाख छह हजार 496 रुपये की ठगी कर ली गई थी।

## उपायुक्त ने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ की बैठक



**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ बैठक की। होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के जरिये बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम की ओर से संक्रमित क्षेत्र के एक से दस किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में टीम की ओर से चिकन, ऐग शॉप और आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है। बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है। केन्द्रीय टीम द्वाकी ओर से बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच5एन1 एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि हुई है। इसके बाद से ही एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा,मृत कुक्कुटों और कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक है।

# झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए और आईएनडीआईए का प्लॉट तैयार, होगा घमासान

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। इसे लेकर एनडीए और आईएनडीआईए ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर दोनों गठबंधनों ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। दोनों गठबंधनों के बीच रोचक मुकाबले की बिसात भी बिछ गई है। राज्य में आईएनडीआईए में चार राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआई माले को जगह मिली है। इन सबके बीच 7-5-1-1 फॉर्मूले पर सीट शेयरिंग भी हुई है। लेफ्ट की दो अन्य पार्टियों सीपीआई और सीपीएम को गठबंधन में जगह नहीं मिलने की वजह से कुछ स्थानों पर दोनों दलों ने अपने-अपने प्रत्याशी भी उतारे हैं लेकिन इस बार जो स्थितियां बन रही हैं उसमें मुख्य मुकाबला एनडीए और आईएनडीआईए के बीच ही दिख रहा है। कुछ नेता जैसे लोहरदगा से चमरा लिंडा, राजमहल से लोबिन हेंब्रम कितना प्रभाव छोड़ पाएंगे यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से राजमहल और सिंहभूम को छोड़कर सभी 12 सीटों पर एनडीए (भाजपा और आजसू) ने जीत दर्ज की थी जबकि राजमहल सीट से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा और सिंहभूम से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में गीता कोड़ा की जीत हुई थी। इस बार गीता कोड़ा सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं और झामुमो की जोबा मांझी से उनका सीधा मुकाबला है।

**रांची लोकसभा सीट-** यशस्विनी सहाय- कांग्रेस, संजय सेठ- भाजपा

**लोहरदगा लोकसभा सीट-** सुखदेव भगत- कांग्रेस, समीर उरांव-भाजपा, चमरा लिंडा -निर्दलीय

**चतरा लोकसभा सीट-** केएन त्रिपाठी- कांग्रेस, कालीचरण सिंह - भाजपा

**पलामू लोकसभा सीट-** ममता भुईयां- राजद, वीडी राम- भाजपा

**खूंटी लोकसभा सीट-** कालीचरण मुंडा- कांग्रेस, अर्जुन मुंडा - भाजपा, सिंहभूम लोकसभा सीट, जोबा मांझी- झामुमो, गीता कोड़ा- भाजपा

**जमशेदपुर लोकसभा सीट-** समीर मोहंती- झामुमो, बिद्युत बरण महतो- भाजपा

**राजमहल लोकसभा सीट-** विजय हांसदा-झामुमो, ताला मरांडी-भाजपा, लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय

**दुमका लोकसभा सीट-** नलिन सोरेन- झामुमो, सीता सोरेन-भाजपा

**गोड्डा लोकसभा सीट-** प्रदीप यादव- कांग्रेस, निशिकांत दुबे-भाजपा

**गिरिडीह लोकसभा सीट-** मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो, चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू

**कोडरमा लोकसभा सीट-** विनोद सिंह-सीपीआई माले, अन्नपूर्णा देवी-भाजपा

**धनबाद लोकसभा सीट-** अनुपमा सिंह-कांग्रेस, ढुल्लू महतो-भाजपा

**हजारीबाग लोकसभा सीट-** जेपी पटेल-कांग्रेस, मनीष जायसवाल-भाजपा

इस संबंध में प्रदेश भाजपा के नेता प्रदीप सिन्हा कहते हैं कि राज्य में इस बार मुकाबला 2019 से भी बेहतरीन होगा। इस बार एनडीए पूरी तरह से इंडी गठबंधन का सफाया करेगा। उन्होंने राजमहल और सिंहभूम सीट पर भी भाजपा की जीत का दावा किया है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सभी सीटें जीतने की मुगालते में है। यह 2019 नहीं, बल्कि 2024 है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को अपने 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बतानी होगी। इसके साथ बेरोजगारी, महंगाई, इलेक्टोरल बांड्स मामले पर जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

## लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का कांग्रेस से इस्तीफा

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय किया है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है। चौधरी ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी आईएनडीआईए में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपा से जीता था तो पार्टी को केवल दिया। उससे कुछ लिया नहीं। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी 28 मार्च को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे।

## लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू : रवि कुमार

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालेंटियर्स के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालेंटियर्स का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

# बाबूलाल मरांडी ने समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मांडर स्थित सोसई आश्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराया। पिछले 10 वर्षों में देश में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि तीसरी बार पीएम बनने पर वे तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी किसानों के खाते में भी सालाना 6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों के घर की चिंता करते हैं। उनकी इज्जत की चिंता करते हैं। उनकी भोजन की चिंता करते हैं।

उनके पीने के पानी की चिंता करती हैं। गांव-गांव में सड़क और पुल पुलिया बनाने का काम कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में जो हमारी चिंता करते हैं, हमें उनकी चिंता करनी चाहिए और 24 में फिर से नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है। ये सभी दल झारखंड विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। देश आजाद होने के बाद से ही झारखंड अलग राज्य की लड़ाई चल रही थी। यदि कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले झारखंड अलग राज्य बन गया होता है। झारखंड अलग राज्य बना है तो यह एनडीए की देन है।

अटल बिहारी वाजपेयी के सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज में झारखंड के सबसे अधिक लोग विस्थापित हुए। कांग्रेस के कार्यकाल में झारखंड में बड़े-बड़े कल कारखाने लगे। बड़ी-बड़ी खदान खुली। इसके कारण लोग भी विस्थापित हुए। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में कितने लोग विस्थापित हुए, यह सबको पता है। आज देश में जिनकी राजनीतिक दुकान बंद हो रही हैं, वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। इसका जवाब 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर देना है। समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाना है।

## नगर निगम 30 जून तक ऑनलाइन होल्डिंग भुगतान करने पर 10 फीसदी की छूट देगा

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

रांची नगर निगम ने सूचना जारी कर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए होल्डिंग ऑनलाइन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है।

इसमें 30 जून तक पूरे वर्ष का टैक्स भुगतान करने पर 10 फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके अलावा रांची नगर निगम के जनसुविधा केन्द्र एवं डोरण्डा अंचल जनसुविधा केन्द्र में भी भुगतान किया जा सकता है। पूरे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 30 जून तक भुगतान किये जाने पर 7.5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। दिव्यांग, सशस्त्र बल, ट्रांसजेंडर और वरिष्ठ नागरिक को उक्त के अतिरिक्त पांच फीसदी की छूट प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मरम्मत और रखरखाव के अभाव में जर्जर हो रहा डीवीसी हॉस्पिटल भवन

**महिला-पुरुष वार्डों के सभी एसी खराब, मरीजों को हो रही परेशानी**



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल का भवन इन दिनों मरम्मत एवं उचित रखरखाव के अभाव में सामने से पूरी तरह जर्जर होने लगा है। भवन के सामने का पूरा छज्जा गिर गया है और लोहे का सरिया दिखने लगा है। इसी प्रकार हॉस्पिटल के इनडोर स्थित मेल एवं फिमेल वार्ड में लगाये गये सभी एसी के खराब हो जाने के कारण मरीजों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो सप्ताह पूर्व हॉस्पिटल में महिला बंध्याकरण शिविर का उदघाटन करने हॉस्पिटल पहुंचे एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम विद्युत एस भद्रा, डीजीएम बीजी होलकर आदि को हॉस्पिटल की सारी समस्याओं से डीजीएम हेल्थ डॉ संजय कुमार एवं डॉ एसके झा ने अवगत करवाया, बावजूद मरम्मत का कार्य एवं एसी बदलने का कार्य नहीं किया गया।

हॉस्पिटल के डीजीएम (हेल्थ) डॉ. संजय कुमार का कहना था कि हॉस्पिटल भवन के सामने का छज्जा गिरने एवं मरम्मत के कार्य को लेकर सिविल विभाग को कई बार लिखा गया, परंतु कार्य नहीं किया गया है। डीवीसी के कामगार, सप्लाई मजदूर, अवकाश प्राप्त कर्मी एवं कामगारों के परिजनों के अलावा आसपास के निजी कॉलोनियों एवं नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के बीस किलोमीटर के क्षेत्र में रहनेवाले लोग संक्रमित एवं बीमार जब होतें हैं तो डीवीसी का हॉस्पिटल ही उनका एकमात्र सहारा होता हैं। पूर्व में हॉस्पिटल को लगातार डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों की कमी का सामना करना पड़ा था, जिसे डीवीसी के चेयरमैन, मेंबर सचिव एवं डीएचएस के प्रयास से दूर कर लिया गया है। बावजूद हॉस्पिटल को दंत एवं नेत्र सर्जन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आर द्विवेदी के स्वैच्छिक सेवानिवृति के बाद से सेवा बंद है। चार वर्ष पूर्व हॉस्पिटल से संविदा पर कार्यरत दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार की संविदा समाप्त होने के बाद से किसी की नियुक्ति नहीं की गयी है।

### सेल एसआरयू में एससी-एसटी इम्पलाइज फेडरेशन का विस्तार

**बोकारो।** सेल एसआरयू बोकारो में एससी-एसटी इम्पलाइज फेडरेशन के कमेटी गठन को लेकर सेल एसआरयूएससी, एसटी इम्पलाइज फेडरेशन की बैठक सेक्टर 4 स्थित प्रधान कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता रमाकांत राम ने की। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष स्वर्गीय महेश नारायण चौधरी के निधन और महासचिव राणा प्रताप जी की सेवानिवृत्ति के बाद संगठन में चूंकि दोनों पद खाली थे, इसलिए कमेटी का विस्तार करते हुए दोनों खाली पद भरे गए। आरती कुमारी को महासचिव एवं चंद्रदीप भगत को कोषाध्यक्ष का कार्यभार दिया गया, साथ ही जल्द ही सभी यूनिट के पदाधिकारी को बुलाकर कमेटी का पुनर्गठन करने पर विचार विमर्श जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमके अभिमन्यु, जगदीश छुरा (अध्यक्ष) एसआरयू रविंद्र महली महासचिव बोकारो यूनिट, शंभू प्रसाद कोषाध्यक्ष, संयुक्त महासचिव महेश पासवान आदि मौजूद रहे। बैठक के पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) निरंजन कुमार से मिलकर एसआरयू केंद्रीय कमेटी की एक बैठक बुलाने का आग्रह किया गया, जिसमें भिलाई, भंडारीदह, रांची रोड एवं इफको सभी जगह के प्रतिनिधि को बुलाने की बात कही गई। साथ ही, एसआरयू के एससी-एसटी के समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

### लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने की बैठक

**बोरियों।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर बोरियो मंडल अध्यक्ष के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ जिसमे आगामी चुनाव को लेकर सभी मोर्चा एवम बूथ अध्यक्ष को अपना अपना कार्यभार दिया गया, जिसमें बूथों पर बहुमत दिलाना है।

### रघुनाथपुर में एक हाईवा ने ट्रांसफार्मर को मारी टक्कर, ट्रांसफार्मर हुआ क्षतिग्रस्त

**बरहेट।** बीते रात्रि बरहेट बरहरवा मुख्य मार्ग स्थित रघुनाथपुर में सड़क किनारे लगी एक ट्रांसफार्मर को एक हाईवा द्वारा जोरदार टक्कर मारने के कारण ट्रांसफार्मर पूर्ण रूप से क्षति ग्रस्त हो गया।वहीं गाड़ी बरहेट हाट का नो एंट्री खुलने के पश्चात शाम को बरहरवा की ओर जा रही थी, गाड़ी संख्या डब्लू बी 57 ई 6592 है।स्थानीय लोगों द्वारा विभाग तथा प्रशासन को सूचना दिया जिससे मौके पर प्रशासन पहुंचकर मामले को अपने स्तर पर लेकर आवश्यक कार्रवाई मे जुट गई।

### सदर अस्पताल में अब अल्ट्रासाउंड करेंगे डॉ रणविजय

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में निर्धारित समय पर अल्ट्रासाउंड के लिए नहीं पहुंचने पर राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के चिकितस्का पदाधिकारी डर खालिक अंसारी को शनिवार को सदर अस्पताल में निर्धारित अल्ट्रासाउंड कार्य से मुक्त कर दिया गया है।वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार ने चिट्ठी जारी करते हुए सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रणविजय को प्रत्येक शनिवार को मंडलकारा साहिबगंज में निर्धारित ड्यूटी से मुक्त करते हुए सप्ताह के सभी कार्य दिवस में सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करने का निर्देश दिया है।

### तीन डॉक्टर का एक दिन का वेतन में लगाई रोक, स्पष्टीकरण

**साहिबगंज।** शनिवार को सदर अस्पताल में सुधार की कोशिश के बीच ड्यूटी पर लेट से आने वाले व नदारद रहने वाले 3 चिकत्सकों पर कार्रवाई हुई है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीसी के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद्र कुमार ने डॉ सचिन कुमार, डॉ शहनवाज हुसैन, व डॉ सतीश संजू हेंब्रम का एक दिन का वेतन में रोक करते हुए उन्हें स्पष्टिकरण किया गया है।

### दो अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार, जेल

**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज के सीएसपी संचालक पर चाकू से जानलेवा हमले के मुख्य आरोपित मामलोत शेख़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राधानगर पुलिस ने शनिवार को आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज उच्च स्तरीय पुल पर बीते गुरुवार के रात मामलोत शेख नामक व्यक्ति ने सीएसपी संचालक को जान मारने के नियत से उस पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आरोपी की धड़पकड़ को लेकर पुलिस रेस में थी। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने थाना क्षेत्र के चांदशहर गांव में छापेमारी कर दहेज प्रताड़ना मामले के आरोपित तौफिल शेख को उसके घर से गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी को शनिवार को स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी,एसआई हसनैन अंसारी आदि पुलिस बल मौजूद थे।

### हड़वाड़ीह में एक ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी

**बरहेट।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप का असर आज प्रखंड क्षेत्र के हड़वाडीह गांव में एक ट्रांसफार्मर में आचनक आग लग गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर में लगी आग के साथ बीच बीच में चिंगारी फूट रहा था, जिससे अगल बगल के लोगों में और ज्यादा भय का माहौल हो गया। क्योंकि ट्रांसफार्मर के कुछ ही दूरी पर दर्जनों फूस का मकान सहित अन्य मकान में परिवार बसा हुआ था।वहीं इसकी सूचना पॉवर हाउस को दी गई जिससे उस फीडर का पॉवर ऑफ कर आग पर काबू पाने में मदद हुआ।इस प्रकार बड़ी हादसा होने से टल गया और किसी भी प्रकार का जान माल का क्षति होने से बाल बाल बचे।

# सफल निर्वाचन में टीम लीडर की तरह होती है पीठासीन पदाधिकारियों की भूमिका : डीसी

**बोकारो में पीओ के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण आयोजित**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 02 सी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी विद्यालय एवं सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल 660 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी-1,पी- 2 एवं पी- 3) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें, पांच वर्ष में एक बार यह पर्व आता है। कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जिन्हें मतदान कराने का अवसर प्राप्त होता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के लिए जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से अध्ययन करें, हैंडबुक में सभी सवालों का उत्तर अंकित है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा-निर्देश का अक्षरशः अनुपालन होता है, इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो। सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग होगी। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इससे पूर्व, नोडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षक पंकज दूबे ने काफी सरल तरीके से पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान दल के डिस्पैच के उपरांत, मतदान दिवस के दिन उनके कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया। पीठासीन पदाधिकारियों के बीच लगभग 45 प्रश्न – उत्तर के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई। साथ ही, अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। वहीं, विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, मॉक पोल, पेपर सीलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

# बीजीएच में जीवन-रक्षा के लिए चार नई एंबुलेंस शामिल



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) में चार नई एम्बुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम में सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य), बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बी.बी. करुणामय के साथ वरीय डॉक्टर्स, अधिकारी तथा कार्मिक शामिल थे। नई एम्बुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें से दो एम्बुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और दो बीजीएच में तैनात रहेंगी तथा बीएसएल प्लांट और टाउनशिप के भीतर चौबीसों घंटे संचालित होंगी। बीएसएल प्रबंधन ने अपने कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक हेल्पलाइन (नंबर 06542 -289055) जारी की है, जिस पर सूचना देकर आकस्मिक समय में एम्बुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

## बीएसएल में लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा आईएसओ 45001: 2018 ओएचएसएमएस पर 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक लीड ऑडिटर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में किया गया। बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे।

बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के महाप्रबंधक - प्रभारी एके सिन्हा तथा महाप्रबंधक अनुपमा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेसर्स टीयूवी के मुख्य प्रशिक्षक शलभ कपूर तथा सौविक ने लीड ऑडिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकाय के रूप में अपना योगदान दिया। प्रशिक्षण के दौरान आईएसओ- 45001 मानक और ऑडिटिंग के सभी मुख्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को परीक्षा के उपरांत आईएसओ 45001: 2018 ओ एच एस एम एस पर प्रमाणित लीड ऑडिटर का प्रमाण पत्र दिया गया।

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे। उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

# उद्यमशीलता एवं बौद्धिक संपदा अधिकार की बताई महत्ता

**इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेज में विशेष कार्यशाला आयोजित**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, बोकारो में औन्त्रप्रेन्योरशिप और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (उद्यमशीलता एवं बौद्धिक संपदा अधिकार) पर केंद्रित दो सत्र का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, ए.आई.सी.टी.ई. भारत सरकार द्वारा स्वीकृत था एवं इंस्टीट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल के सहयोग से हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन तथा अतिथियों के स्वागत से हुआ। मुख्य अतिथि एवं वक्ता चेयर प्रोफेसर आई.पी. आर., नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची, डॉ. श्रीनिवास मूर्ति एम.आर. एवं स्टेट प्रेसिडेंट, झारखंड स्मॉल एंड टाइनी बिजनेस एंड एंटरप्राइज एसोसिएशन कुंदन उपाध्याय रहे। डॉ. श्रीनिवास मूर्ति ने अपने भाषण में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट क्या है तथा उसके महत्व को समझाया। श्री उपाध्याय ने श्रोताओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कॉलेज निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि भारत देश को संसार में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए चाहिए कि वह अपनी इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी का निर्माण खुद करे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का सत्र भी रहा। मंच का संचालन बीबीए की छात्रा साहिबा अक्रम ने किया। समन्वयक प्रो. दयाशंकर दिवाकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

डॉ. जरूहार ने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रो. पंकज राय और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रो. हुसैन अंसारी की पेटेंट स्वीकृति के बाद 10 पेटेंट वाला यह पहला स्वपोषित कॉलेज है। कॉलेज संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह और सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी।

## साहिबगंज में कार से 4.33 लाख रुपये बरामद

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन ने राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक अग्रिम कार्रवाई कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपये की जांच की जा रही है। सीमेंट व्यवसायी ने भी व्यवसाय से जुड़ी राशि होने की बात बताई है।

# वैज्ञानिक जागरूकता वर्ष के रूप में मनेगा यह साल

बोकारो



साइंस फॉर सोसाइटी, बोकारो की बैठक शनिवार को संगठन के अध्यक्ष सह बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-3) दीपक राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक वैज्ञानिक जागरुकता एवं इससे संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। श्री राय ने कहा कि ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क के निर्देशानुसार वर्ष 2024 को वैज्ञानिक जागरूकता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बोकारो जिला में ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण क्विज, अंधविश्वास, बाल विज्ञान कांग्रेस, बाल अधिकार कांग्रेस के साथ ही अन्य वैज्ञानिक गतिविधियों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर साइंस फॉर सोसाइटी, बोकारो के महासचिव राजेन्द्र कुमार ने विगत वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक वैज्ञानिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रम के आयोजन बोकारो एवं पूरे राज्य में किया जाएगा। बैठक में एसके राय, चन्द्र शेखर कुमार, शशांक शेखर, परिचय भट्टाचार्य आदि उपस्थित रहे।

# घर में सो रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



राष्ट्रीय मुख्यधारा। दुमका

जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में हमलावरों ने शुक्रवार की रात बरामदे में सोए नीलकंठ यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी नीरंजन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गईं है।

# लोहरदगा में तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, मौत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लोहरदगा



लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कचहरी मोड़ के पास शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार ने एक वृद्ध महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि सुबह में महिला बीरनौला देवी (65) पूजा के लिए फूल तोड़कर अपने घर लौट रही थी कि रांची की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई और कर विपरीत दिशा में घूम गयी। कार में दो लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद गाड़ी छोड़कर ये लोग भागने लगे तो आसपास के लोगों ने इन्हें दौड़कर समाहरणालय मैदान के पास से पकड़ा। दोनों लोग नशे में थे। रांची के धुर्वा से लोहरदगा के मन्हों में ये लोग एक शादी समारोह में आए थे और शादी के बाद सुबह-सुबह शराब के नशे में कार चलाकर पुनः रांची जा रहे थे। कचहरी मोड़ के पास फूल लेकर घर लौट रही बिरनोला देवी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर यातायात प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों लोगों को अपने कब्जे में लेकर हिरासत में भेज दिया। अजीत कुमार ने बताया कि दोनों लोग नशे में धुत थे और तेज रफ्तार में कर चला रहे थे, जिसके कारण संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना घटी।

## अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत दहियारी ग्राम के कोचागढ़ा टोला में निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2,580 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थीं।

विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण-बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वर्षों से फरार आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को बगोदर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गिरिडीह।** एसडीपीओ बगोदर सरिया के निर्देश पर NSPM ग्रुप के सक्रिय सदस्य अशोक मंडल को बगोदर थाना प्रभारी सुखसागर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बताया गया कि एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई। बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी अशोक मंडल पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे थे। उनके विरुद्ध बगोदर थाना कांड सं-118/ 2022 दिनांक 06.03.2022 धारा-447 /285/ 427/ 506/ 34 भादवि तथा 25 (1-b)a/27/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

### बांस के झुंड और बगीचे में लगी आग, लाखों रुपये मूल्य की सम्पत्ति खाक



**गिरिडीह।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद पंचायत अंतर्गत महदैया गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात लोगों ने एक बांस के झुंड सहित बगीचे में आग लगा दिया। आग लगने से बांस के झुंड सहित पूरा बगीचा जलकर राख हो गया। वहीं इस आग की लपटे इतनी जबरदस्त थी कि लोग काफी डरे व सहमे थे। लोगों ने छोटी- छोटी बाल्टी और डेगची में पानी लाकर आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन बड़ी-बड़ी लपेटे उठने के कारण आग नहीं बुझी। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया। इसके बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ियां रात में घटनास्थल पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं इस अगलगी की घटना में लाखों रुपए मूल्य की बांस सहित पेड़-पौधे जलकर खाक हो गए।

बताया गया कि गणेश मंडल, गिरेश्वर मंडल व मनी मंडल के घर समीप खाली पड़े जमीन में हजारों हजार की संख्या में बांस लगा था। उसके बगल बाउंड्री में पेड़-पौधे का बगीचा था। बताया कि रात करीब 1:00 बजे उन लोगों ने देखा कि पेड़-पौधे जल रहे है और आग की लपेटे उठ रहीं है। घटना के बाद रात में ही डेगची और बाल्टी के माध्यम से पानी से आग को बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सभी पीड़ितों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है।

### देवरी थाना क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल




**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना चतरो-देवघर मुख्य मार्ग में स्थित बजरंग मोड़ चतरो के समीप घटित हुई। जिसमें बाइक के चपेट में आने से देवरी थाना क्षेत्र के हरिरायडीह गांव के दिनेश यादव की पुत्री शिवानी कुमारी 06 वर्ष व बाइक चालक भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के सोगरा गांव निवासी रमेश सिंह घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी ले जाया गया। जहां शिवानी कुमारी को प्राथमिक इलाज के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

वहीं दूसरी घटना चतरो-गावां मुख्य सड़क पर देवरी थाना क्षेत्र के नायकडीह गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के बेलाकोला गांव निवासी अनिल हाजरा (32 वर्ष), लीलावती देवी (26 वर्ष) व मनीषा कुमारी (14 वर्ष) घायल हो गये। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को गिरिडीह रेफर कर दिया गया। घायल अनिल हाजरा ने बताया कि वह अपनी पत्नी लीलावती देवी व भतीजी मनीषा को लेकर बाइक से गंधिया (गरहाटांड़) से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान नायकडीह गांव के पास एक चार पहिया वाहन के चालक ने बाइक में धक्का मारकर भाग गया।

### खस्सी का मीट नहीं मिलने से भड़के बाराती, वर-वधु दोनों पक्षों में हुई जमकर मारपीट



**गिरिडीह।** बारात आये बारातियों को खाना खाते समय खस्सी का मीट कम परोसने पर बाराती और सराती पक्ष के बीच तू-तू मैं-मैं शुरू हो गयी। देखते ही देखते हाथापाई लात घूंसे तक पहुंच गई। घटना जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र के पिंडाटांड़ पंचायत के परतापपुर गांव की है।

बताया गया कि जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के हरिला गांव से पिंडाटांड़ पंचायत के परतापपुर गांव बारात आई थी। खाना खाने के दौरान यह मामला उत्पन्न हुआ। रात करीब 2 बजे घटना की सूचना पाकर स्थानीय ग्राम प्रधान सह उप मुखिया महावीर साव बीच बचाव करने पहुंचे तो आक्रोशित और शराब के नशे में धुत बारातियों ने उन्ही पर हमला बोल दिया। खाना बनाने के लिए रखे लोहे की रॉड से मारकर उप मुखिया का एक पैर तोड़ दिया। जख्मी हालत में उप मुखिया ने पचम्बा थाना को घटना की सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंची हमला करने वाले नशे में धुत बाराती भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि कुछ बारातियों को भी मामूली चोटें आई थीं।

घटना की लिखित सूचना उप मुखिया ने पचम्बा थाना प्रभारी को दिया और दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की। परिवार जनों और ग्रामीणों के साथ पचम्बा थाना पुलिस सहयोग से जख्मी उप मुखिया को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि लोगों से पूछताछ की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हिन्द मजदूर किसान यूनियन की बैठक में राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा

**डुमरी।** हिन्द मजदूर किसान यूनियन की एक बैठक शनिवार को रांगामाटी में चोलो महतो की अध्यक्षता एवं अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो के संचालन में हुआ।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डालोराम महतो ने युनियन के नीति सिद्धांतों की जानकारी देते हुए डुमरी अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में यूनियन की कमिटी गठन करने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में यूनियन की भागीदारी एवं भूमिका पर भी चर्चा किया। बैठक में यूनियन से जुड़े काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### भाजपा का डुमरी विस क्षेत्र का बूथ स्तरीय बैठक 29 को

**डुमरी।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के डुमरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का बुध स्तरीय बैठक आगामी 29 अप्रैल को होगा। यह जानकारी डुमरी मंडल अध्यक्ष हराधन पंडित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। बताया कि उक्त बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के लोकसभा प्रभारी चतरा सांसद सुनील सिंह, गिरिडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, लोकसभा संयोजक प्रकाश सेठ, सह संयोजक सुरेंद्र राज व भरत यादव, डुमरी विधानसभा प्रभारी चितरंजन गुप्ता, डुमरी विधानसभा संयोजक प्रदीप कुमार साहू, सह संयोजक दसरथ महतो एनडीए के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## नोडल पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ चुनाव कार्यों का करें सफलता पूर्वक संचालन : गांधी डोंठी, व्यय प्रेक्षक

# आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

## पूरी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ करें कार्य : नमन प्रियेश लकड़ा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव हेतु आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में नोडल पदाधिकारी, CGST/SGST/Income Tax/ पुलिस विभाग, अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारी, सभी लेखा दल/विडियो अवलोकन दल/सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, नोडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष/ C-VIGIL/ESMS (प्रतिनियुक्त सहयोगी तकनीकी पदाधिकारी सहित), नोडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, MCMC/मीडिया कोषांग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अंचल अधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी स्थैतिक निगरानी दल/ उड़न दस्ता दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य संबंधित अधिकारी के साथ बैठक हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग की समीक्षा कर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारियों को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूरी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

वहीं बैठक में व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था/नियंत्रण कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतो पर उड़न दस्तों (FST) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (SST) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। इसके अलावा सभी आयकर के नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में सभी मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि प्रिन्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों व पेड न्यूज का विवरण मीडिया से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन संबंधित निर्वाचन व्यय कोषांग को उपलब्ध करायेंगे। इस दौरान निर्देशित किया गया कि सभी नोडल पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करेंगे। साथ ही निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करेंगे।

विदित हो कि 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें। बैठक में नोडल पदाधिकारी, CGST/SGST/Income Tax/ पुलिस विभाग, अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारी, सभी लेखा दल/विडियो अवलोकन दल/सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, नोडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष/ C-VIGIL/ESMS (प्रतिनियुक्त सहयोगी तकनीकी पदाधिकारी सहित), नोडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, MCMC/ मीडिया कोषांग, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अंचल अधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी स्थैतिक निगरानी दल/उड़न दस्ता दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ कर्मी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया बीडीओ/सीओ संग बैठक, दिये कई आवश्यक निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



लोकसभा चुनाव एवं गाण्डेय विधानसभा उप-चुनाव के निमित्त विधान सभा क्षेत्रवार EVM & VVPAT को प्रथम रेण्डमाईजेशन के आधार पर अलग करने के पश्चात सभी संबंधित EVM & VVPAT को संबंधित स्ट्रॉग रूम में स्थानान्तरण किये जाने से पूर्व स्ट्रॉग रूम में किये गये सम्पूर्ण कार्यों की समीक्षात्मक बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव एव गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त 05-कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव 2024 हेतु मतदान की तिथि दिनांक 20.05.2024 एवं 06-गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु मतदान की तिथि दिनांक 25.05.2024 को निर्धारित है।

उक्त चुनावों के निमित्त निम्न स्थलों का चयन EVM-VVPATS Commissioning, पोलिंग पार्टी के डिस्पैच एवं मतगणना हेतु किया है। 28-धनवार हेतु चयनित भवन का नाम मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, पचम्बा,अनुमण्डलीय कृषि फार्म पचम्बा, 29 बगोदर हेतु विवाह भवन झण्डा मैदान, 30-जमुआ (अ.जा.) हेतु विवाह भवन झण्डा मैदान एवं गिरिडीह महाविद्यालय, 31-गाण्डेय हेतु Multipurpose Examination Hall लोकसभा आम चुनाव एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव के लिये एवं 32-गिरिडीह हेतु उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महेशलुण्डी, तथा 33-डुमरी हेतु गिरिडीह नया भवन, पुराना भवन एवं संबद्ध अन्य भवनों सहित।

बताया कि Polled EVMs-VVPATS तथा मतदान के उपरांत विधिक, अविधिक कागजातों के रख-रखाव तथा मतगणना कार्य हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति, विशुनपुर, पचम्बा, गिरिडीह में अवस्थित गोदाम, हॉल एवं अन्य कमरों का चयन किया गया है। उक्त के निमित्त उपरोक्त वर्णित सभी भवनों, भवन से संबद्ध संपूर्ण परिसर एवं मैदान आदि को जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, गिरिडीह द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 में प्रदत्त शक्तियों के आलोक में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए अधिग्रहित किया गया है।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सेक्टर ऑफिसर की होती है। हर प्रक्रिया की जानकारी सेक्टर ऑफिसर रखें, सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें, किसी भी प्रकार की कठिनाई चुनाव के समय न हो। सभी सेक्टर ऑफिसर निरंतर संपर्क में रहें। साथ ही जारी गाइडलाइन के अनुरुप सभी कार्यों का उचित संचालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण कर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज (AMF) की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, पर्याप्त रोशनी, बिजली, साइनेज, प्रवेश व निकास द्वार, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

### राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा के नेतृत्व में जांच दल कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

राज्य स्तरीय जांच दल राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बड़कागांव का निरीक्षण किया। बैंड टीम के द्वारा जांच दल को स्वागत किया गया। जांच दल में विद्यालय में चल रहे प्रोजेक्ट इंपैक्ट और प्रोजेक्ट प्रयास के तहत विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण व जायजा लिया। तथा विद्यालय परिसर हॉस्टल एवं कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। बालिकाओं द्वारा परिसर एवं प्रांगण की दीवारों में छात्राओं द्वारा ओकेरे गए सोहराय, कला चित्र देख कर जांच दल काफी प्रभावित हुए।विद्यालय की वार्डन से विद्यालय में चल रहे अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली,जिसमें बाउंड्री वॉल की समस्या बताई गई। बाउंड्री वॉल न होने के कारण हमेशा विद्यालय परिवार को छात्राओं को सुरक्षा को लेकर भय बने रहने की बात कही गई। बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण विद्यालय में अन्य गतिविधियां करने में दिक्कत होने की बात कही गई जिसमें किचन गार्डन की जानवरों द्वारा खो जाने के कारण नहीं हो पा रही है,जिसे संज्ञान में लिया गया । मौके पर उपस्थित जेसीआरटी नीलम कुमारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील लकड़ा कस्तूरबा गांधी विद्यालय प्रभारी शैलेंद्र कुमार, बीआरपी बड़कागांव अभय कुमार, सीआरपी दीपक कुमार, जेई कालेश्वर महतो, लखेनदर कुमार, विद्यालय के लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर सोनी मेहता, शिक्षिका किरण कुमारी निशि रानी, अंशकालिक शिक्षिका रूबी कुमारी, विनीता कुमारी,सीताराम महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा, और चिंतामणि महतो उपस्थित थे

## तलसवार सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रो का किया निरीक्षण




राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मूड में आ गया है। शनिवार को बड़कागांव थाना के एस आई सिद्धनाथ कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ तलसवार सेक्टर के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार बूथ , कोयलांग बूथ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलांडू बूथ में मतदान स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्र के कमरों, बिजली,पानी की व्यवस्था के लिए चपानल, शौचालयों को देखा।खराब पड़े चापा नल की सूचना शिक्षकों के द्वारा अधिकारियों को दिया गया। एस आई सिद्धनाथ कुमार ने कहा बहुत जल्द खराब पड़ी चापा कल की मरमती विभाग के द्वारा कराई जाएगी ।मैं इसकी सूचना पीएचडी विभाग को कर दूंगा । मौके पर भूत निरीक्षण कमी के साथ-साथ विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।

## रेफरल जजों एवं मध्यस्थों के लिए एक दिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को रेफरल जजों एवं मध्यस्थों के लिए एक दिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम गिरिडीह न्याय मंडल में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता हेतु भेजे जाने वाले मामलों पर जागरूकता करने के लिए किया गया है। ताकि सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय, रांची द्वारा मध्यस्थता के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों का अनुपालन सभी रेफरल जजों एवं विद्वान मध्यस्थों के द्वारा किया जा सके।

कार्यशाला में मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर चर्चा के साथ अपराधिक मामलों, सिविल मामले, पारिवारिक मामले एवं मध्यस्थता योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही मध्यस्थता के दौरान हो सके एवं पक्षकारों को इसका समुचित लाभ प्रदान किया जा सके।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए मध्यस्थता नियमावली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राधिकार की सचिव सोनम विश्नोई ने प्रदान की।

तीन सत्रों में चले इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दौरान रेफरल जजों की भूमिका पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम गोपाल पांडेय ने विस्तार पूर्वक सभी रेफरल जजों, मध्यस्थगणों एवं पैनल अधिवक्ताओं को जानकारी प्रदान किया। वहीं दूसरे सत्र में मध्यस्थता की उपयोगिता एवं मध्यस्थों की भूमिका पर प्रशिक्षित मध्यस्थ उर्मिला शर्मा एवं तीसरे सत्र में एडीआर मेकैनिज्म के बारे में पैनल अधिवक्ता अमित सिन्हा ने जानकारी दिया।

इस कार्यक्रम में बतौर रेफरल जज जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अष्टम यशवंत प्रकाश, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय आनंद प्रकाश, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय सोमेंद्रनाथ सिकदर, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम संजीव कुमार वर्मा, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सप्तम राजेश कुमार बग्गा, मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी गिरिडीह सौरव कुमार गौतम, अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी गिरिडीह सुश्री कुमारी नीतिका, अवर न्यायाधीश वरीय कोटी, सुश्री सीमा कुमारी मिंज सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, महासचिव चुन्नू कांत, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा के साथ मध्यस्थ कामेश्वर प्रसाद यादव, गिरीश प्रसाद, श्यामदेव राय, उदय मोहन पाठक, कमलेश्वर शिवमूर्ति, अनिल कुमार, अरुण कुमार, रेणु वर्मा, सुनीता कुमारी, तृप्ति रंजना, पैनल अधिवक्ता अमित कुमार सिन्हा, धीरज कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## बालू ले जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, घटनास्थल पर चालक की मौत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव





बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के हुदवा में शुक्रवार रात्रि लगभग 9:00 बजे सिकरी के पारपैन से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि सिकरी निवासी सिद्धेश्वर महतो के पुत्र दशरथ कुमार उम्र लगभग 16 वर्ष ट्रैक्टर से बालू लेकर हजारीबाग के आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर ड्राइवर दशरथ कुमार इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि अक्सर इस रास्ते से चोरी छिपे बालू बिक्री के लिए ले जाया जाता है और हमेशा इस रास्ते पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। ट्रैक्टर मालिकों द्वारा लगभग सभी ट्रैक्टरों में नाबालिक बच्चों से ट्रैक्टर चलवाया जाता है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है। मृतक दशरथ कुमार इसी वर्ष 2024 के मैट्रिक की परीक्षा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी से उत्तीर्ण किया था। इसकी मृत्यु के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में शोक व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक ट्रैक्टर मालिक एवं मृतक के परिवार वालों के बीच समझौता का प्रयास किया जा रहा था।

क्या कहना है चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम का।

चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने कहा की मैने प्रशासनिक पदाधिकारियों को इसकी सूचना पूर्व में ही दिया है की ऐसे बहुत से नाबालिक बच्चो के द्वारा पास लाइसेंस भी नही है उनके द्वारा रात में ट्रैक्टरों में ऊंचे साउंड में लाउडस्पीकर बजा के सैकड़ों ट्रैक्टर में ओवर लोडिंग कर के बालू ढुलाई का काम करते है,बहुत से ऐसे भी ट्रैक्टर हे जिनमें नंबर प्लेट भी नही लगा हुवा रहता हे। आगे उन्होंने कहा की इनकी सूचना मैने कई बार दिया लेकिन अभी तक प्रशासनिक के द्वारा इन सभी बातों पर कोई पहल नहीं किया गया।

### एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से किया गया गांवा के विभिन्न पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

लोकसभा आम चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के गांवा प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों अमतरो, बाधीडीह तथा गदर में प्रचार प्रसार किया गया। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक



**पलामू।** लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया।बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया।उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया।

**केंद्रीय बलों केआवासन, आईएसआर वेरिफिकेशन, एएमएफ वेरिफिकेशन की भी ब्लॉकवार समीक्षा** - बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो,पदाधिकारी इसका ख्याल रखें।सभी क्लस्टर पर पेयजल,शौचालय,बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो।उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग कीये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही।उन्होंने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये।उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये।मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिये टोटो/टेंपो में चिपकाया गया निर्वाचन संबंधी स्टिकर



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त व्यापक जन जागरूकता को लेकर शनिवार को शहरी क्षेत्रों में चल रहे सभी टोटो/टेंपो में 20 और 25 मई को वोट करेगा गिरिडीह से संबंधित स्टिकर चिपका कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ सभी टोटो/टेंपो और ऑटो चालकों को बताया गया कि मतदान के महत्व, मतदान तिथि समेत अन्य जानकारियां दी गई तथा अन्य को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मतदान की तिथि, मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

वहीं लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन से 4 लाख 33 हजार 500 रुपए बरामद किए.

**साहिबगंज।** शनिवार को उधवा प्रखंड में लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया गया है. इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर करीब 1.50 बजे वाहनों की जांच की जा रही थी. इसी दौरान एक गाड़ी की तलाशी ली गयी. इससे 4 लाख 33 हजार 500 रुपए बरामद किए गए. पुलिस बरामद पैसे की जांच कर रही है.वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली. इससे पुलिस ने 4 लाख 33 हजार 500 रुपए बरामद किए. पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं. चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है.वहीं कार से बरामद पैसे को लेकर पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपए की जांच की जा रही है. इधर, सीमेंट व्यवसायी ने भी व्यवसाय से जुड़ी राशि होने की बात बताई है. मौके पर राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे.

### ज़िला क्रिकेट सीनियर लीग टूर्नामेंट

**साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब बनाम वल्चर्स क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। द्रोणाचार्य ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 7 विकेट पर 274 रन बनाए। रवि कुमार ने नाबाद 148 रनों की पारी खेली, दीपक कुमार दास ने 73, सुष्मित रंजन ने 21 रन बनाए। वल्चर्स के गेंदबाज मुजाहिद ने 3 व विवेकानंद ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वल्चर्स की टीम 31.3 ओवर में 218 रन बना कर ऑल आउट हो गई। राजकुमार ने 66, अरशद ने 35 व अजय ने 27 रनों की पारी खेली। द्रोणाचार्य के गेंदबाज प्रशांत ने 4 व राशिद ने 2 विकेट लिए। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 56 रनों से जीत हासिल की। द्रोणाचार्य के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यतिथि सतीश सिन्हा ने रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। वहीं मुख्यतिथि ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना भी की। अंपायरिंग प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा व राकेश कुमार रोशन ने किया। स्कोरिंग के सागर सुमन कर रहे थे। मौके पर अशफाक आलम, सुरेश साह, गोपाल सिंह, मो जुनैद, शानू कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### नाबालिक का बाल विवाह होने से रुकवाया गया

**तीनपहाड़।** मंथन संस्था के समन्वयक एवं सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा शानिवार को तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर पंचायत के रामपुर में एक नाबालिक का बाल विवाह होने से रुकवाया गया। इससे पूर्व इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा एवं अंचल अधिकारी अशोक सिन्हा दी गई। विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर पुलिस के मदद से नाबालिक के घर पहुच कर नाबालिक की कागजात के जांच पड़ताल की गई।जहा बच्ची नाबालिक पाई गई।मौके पर ही ग्रामीणों की भीड़ जम गई मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी मौजूद थी। तभी मंथन संस्था के कार्यकर्ता एवं पुलिस द्वारा गांव वालों को बताया गया कि लड़की 18 एवं लड़का 21 वर्ष होने के बाद ही विवाह करवाये।जिसके बाद नाबालिक के साथ आगे की कार्रवाई करते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उपक्रम प्रपत्र भरवा गया।

# बेंगाबाद प्रखंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**ग्रामीणों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप की दी गयी जानकारी**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



लोकसभा चुनाव एवं गांडेय उपचुनाव में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिले के बेंगाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रानापुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर सभी को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## बूथों पर स्वच्छ शौचालय और पेयजल पर विशेष ध्यान दें अधिकारीः दोरजे चेरिंग नेगी



राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी

सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी (भाप्रसे) की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सभागार कर्रा में लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नेगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा एवं सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने की पूर्ण समीक्षा कर लें। समीक्षा के क्रम में क्लस्टर प्रभारी एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी के कार्यों को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए। साथ ही क्लस्टर मानचित्र और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी क्षेत्रों के लिए चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी प्रेक्षक ने ली। सामान्य प्रेक्षक द्वारा कर्रा प्रखंड के बूथ संख्या 59, 60, $2 उच्च विद्यालय कर्रा, बूथ संख्या 28, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलमी एवं बूथ संख्या 39 राजकीय मध्य विद्यालय डहकेला, बूथ संख्या 8, 9, 10, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरियागढ़ के महिला बूथ का निरीक्षण किया गया। मतदाता जागरूकता समूह की बैठक करने, मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश उन्होंने दिया। प्रेक्षक ने आपसी समन्वय से कार्य योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ निर्वाचन कार्य सुनिश्चित कराने को कहा।

## अनुसूचित जन जातीय बालक प्राथमिक विद्यालय, करमपहाड़ में घोर अनियमितता

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

जिला के मंडरो प्रखण्ड स्थित अनुसूचित जन जातीय बालक प्राथमिक विद्यालय, करमपहाड़ में घोर अनियमितता को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सरिता माइकेल जोसवा, सहायक शिक्षक गुनूर सोरेन और झाड़ूदार उत्तम कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने 07 अप्रैल को विद्यालय का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए थे एवं ससमय अनुपालन करने व कराने की बात कही गई थी। पुनः 26 अप्रैल की संध्या 7.15 जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने पाया कि विद्यालय में कुल 60 छात्र के जगह 39 छात्र और रसोईया महेश पहाडिया ही उपस्थित थे। वहीं पर पाया कि पूर्व के किसी भी निदेश का अनुपालन किसी ने भी नहीं किया है। रसोईया, महेश पहाडिया रात के भोजन में भात, दाल एवं सोयाबीन-आलू की सुखी सब्जी बनाया था। रसोईया ने बताया कि प्रधानाध्यापिका ने मात्र 1.5 किलो दाल ही दिया था जो खाने के दौरान कम पड़ गया। बच्चे सुखा भात खा रहे थे। भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने खुद भोजन को चखा और स्वाद जाना। पदाधिकारी पाया कि भोजन वेस्वाद था, नमक, तेल, मसाले नहीं के बराबर थे।मेन्यु के अनुसार रात में दूध भी बच्चों को दिया जाना था जो उपलब्ध नहीं था। शाम के नास्ता में सुखा चुड़ा, मुढ़ी एवं प्याज का टुकड़ा दिया गया था। दिन के भोजन में मछली भात दिया गया था। उधर झाड़दार भी झाड पोंछ नहीं लगा कर बच्चों से साफ-सफाई कराते है एवं समय से पहले ही विद्यालय से चले जाते है। वे बच्चों से दुर्व्यवहार कर उसे डांट फटकार भी लगाते है। सहायक शिक्षक गुनूर सोरेन भी विद्यालय में नही थे। उनका आवास भी अन्यत्र था। इन बातों से पदाधिकारी ने दूरभाष के माध्यम से प्रधान शिक्षिका को अवगत कराया गया पर अगली सुबह वापस स्कूल पहुंचने की बात ही कही गई। जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने इसे मनमानेपन, स्वेच्छारिता एवं छात्रों के प्रति उदासीन रवैया माना है।

# मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर एएमएफ सुविधाओं का लिया जायजा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गढ़वा



लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त (भा०प्र०से०) ने गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर ए०एम०एफ सुविधाओं का लिया जायजा। क्षेत्र के मतदाताओं से मिल मतदान करने हेतु किया प्रेरित, वहीं डिस्पैच सेंटर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी किया निरीक्षण। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य के निमित भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से सामान्य प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति 13-पलामू (अ०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु की गयी है। इसी क्रम में आज सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त (भा०प्र०से०) द्वारा गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों यथा गढ़वा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय दरमी नावाडीह, पतसा, प्रतापपुर, उड़सुगी समेत अन्य मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। मतदान के दिन आने वाले मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसे लेकर मतदान केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान उन्होंने ए०एम०एफ० सुविधाओं का आंकलन किया। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की समुचित व्यवस्था को देखा। मतदान केंद्रों पर उक्त सभी व्यवस्था संतोषजनक पाया गया। वहीं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का अपील किया एवं अपना मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, साथ हीं अन्य मतदाताओं को भी निर्भीक होकर नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं आरके प्लस टू गोविंद हाई स्कूल गढ़वा में माइक्रो आब्जर्वर को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी सामान्य प्रेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर से अच्छे से प्रशिक्षण लेने को कहा एवं किसी भी प्रकार के जानकारी का अभाव न रखने का निर्देश दिया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा डिस्पैच सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मतदाता छात्राओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गढ़वा



गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय कल्याणपुर, गढ़वा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई ने लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त स्वीप कैलेंडर के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संगीत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्या डॉ० संयुक्ता कुमारी सिंह, एन एस एस पदाधिकारी प्रो० अनीता तूफानी, डॉ० अर्चना कुमारी, डॉ० शीशम साहू, प्रो० एस एन रॉय, डॉ० राजश्री अखौरी, डॉ० कविता कुमारी, प्रो० नेलन तिर्की, प्रो० सुनील पाल, प्रो० ज्योति सिंह, प्रो० ललिता कुमारी, गौतम सिंह तथा रमेश कुमार आदि उपस्थित थें। इस पकार्यक्रम में प्रथम प्रतिभागी पुष्पा कुमारी एवं द्वितीय प्रतिभागी जूही कुमारी रही। इसी प्रकार नगर उंटारी के स्थानीय मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय बभनी नगर उंटारी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई द्वारा भी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं में जागरूकता के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका संचालन कर रहे प्राचार्य कमलेश कुमार (एनएसएस) पदाधिकारी प्रोफ़ेसर महमूद आलम ने छात्राओं को मतदान की विशेषता बताते हुए जागरूकता पर जोर दिया। सभी मतदाता छात्राओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें उपस्थित प्रोफेसर मीरा कुमारी, प्रोफेसर माधुरी कुमारी, प्रोफेसर बबीता कुमारी, प्रोफेसर सविता कुमारी उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान पूजा कुमारी एवं रूपा कुमारी व पुष्पा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चंचल कुमारी व प्रियांशु कुमारी को भी चयनित किया गया।

# बीडीपीएस एवं जेजेए ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लोकसभा चुनाव 2024 के कवरेज हेतु सभी आंचलिक पत्रकारों को प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराने की मांग**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



पत्रकार संगठन भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लोकसभा चुनाव 2024 के समाचार कवरेज हेतु आंचलिक पत्रकारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक चैनल से दो तथा प्रिंट मीडिया से एक रिपोर्टर को ही प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रीमान के संज्ञान में लोकसभा चुनाव के दौरान न्यूज कवरेज में होने वाली असुविधा की ओर आप का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। साथ ही निर्वाचन आयोग से इस पर आवश्यक कदम उठाने को लेकर पहल किये जाने का संगठन आग्रह करता है। लोकसभा चुनाव के दौरान न्यूज़ कवरेज के लिए चुनाव आयोग के द्वारा एक जिला से प्रिंट मीडिया के एक तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दो पत्रकारों को प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है।

चुंकी एक जिला में कम से कम 3 से 6 विधानसभा क्षेत्र है और इसका रेडियस लगभग 50 से 100 किलोमीटर है। ऐसे में न्यूज़ कवरेज करने में पत्रकारों को काफी परेशानी होगी। पत्रकारों को होने वाली परेशानी को देखते हुए निर्वाचन आयोग विधान सभा स्तर पर पत्रकारों के लिए प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराने हेतु झारखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को निर्देशित करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज़ हसन, मोहन कुमार सोना, सुमेधा चौधरी, आकाश सोनी एवं सिद्धार्थ मिश्रा शामिल थे।

# भगैया चेकपोस्ट से दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

शनिवार को मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भगैया चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान दो साइबर अपराधी को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल । मिर्जाचौकी थाना में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भगैया चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच चल रहा था। इसी क्रम में एक कार आई उसे रोका गया । मौके पर मजिस्ट्रेट बब्लू टुडू, एसआई विजय दूबे, अमन कुमार व गंगाराम मरांडी मौजुद थे ।वही वाहन चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो वाहन में सवार दो व्यक्ति पीछे रखे झोला को छुपाने का प्रयास करते दिखे । दोनो व्यक्ति संदिग्ध दिखने पर मजिस्ट्रेट बब्लू टुडू के समक्ष दोनो व्यक्ति को कार से उतारकर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में एक झोला से कई व्यक्तियों का नाम, आधार कार्ड नम्बर के साथ बना हुआ 58पीस अलग अलग व्यक्तियों का डुबलीकेट क्लोन फिंगर प्रिंट, बायो मैट्रिक स्कैनर,अन्य कागजात , 36 पीस एमसील के डब्बे प्राप्त हुए ,33 पीस स्टाम्प पैड , विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड , आधार कार्ड, फर्जी फिंगर प्रिंट ,स्टैंप पैड, मोबाईल फोन,कई सिम कार्ड, ब्लैंक चेक , उज्वला योजना का 50 पीस फॉर्म व एक टोयोटा कोरोला कार बरामद किया गया। वही मामले की जानकारी मिलते ही मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी लेने के बाद दोनो साइबर अपराधी बिक्की मुर्तजा खान पिता मुर्तजा खान उम्र 35 वर्ष माल मंडरो ठाकुरगंगटी जिला गोड्डा व सुमन कुमार श्रीवास्तव उम्र 28 वर्ष पिता अखिलेश श्रीवास्तव फौजदारी पीरपैंती भागलपुर को गिरफ्तार कर मिर्जाचौकी थाना लाया गया। मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार द्वारा मिर्जाचौकी थाना में दोनो साइबर अपराधी से पूछताछ किया गया।

वहीं इसमे से एक साइबर अपराधी सुमन कुमार श्रीवास्तव का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2023 में पीरपैंती थाना कांड संख्या 22/23 में साइबर क्राइम के तहत जेल जा चुका हैं। वही गिरफ्तार दोनो साइबर अपराधी से बरामद सामान के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया तो दोनों व्यक्ति शुरु में कुछ भी बताने से इंकार कर रहें थे। थोड़ी कड़ाई से पूछने पर वाहन चालक बिक्की मुर्तजा खान के द्वारा प्रारंभिक पूछताछ में बताया गया की दोनो व्यक्ति गांव में जाकर भोले भाले ग्रामीणों को उज्वला योजना केवाईसी व विभिन्न सरकारी योजना के तहत ठगी का शिकार बनाते थे । मोबाईल में उपलब्ध ऐप विडकॉम एवम स्पाइसी मनी के माध्यम से उनके खाते से पैसे का निकासी कर लेते है। इस तरह के अवैध निकासी का बैंक से भी कोई स्टेटमेंट प्राप्त नही होता कि पैसा किसके खाता में गया है। जिससे हमलोग सुरक्षित रहते हैं। मिर्जाचौकी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है।

## नो एंट्री का का सख्ती से हो अनुपालन, अन्यथा होगी कार्यवाहीः बीडीओ

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बरहरवा

बरहरवा नगर जहाँ लगातार स्थानीय नगरवासी व स्थानीय ग्रमीण भारी वाहनों की मनमानी ढंग से परिचालन को लेकर लोग परेशान थे,और लगातार लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग कर रहे थे वहीं अब नो एंट्री नियमों के अनुपालन को लेकर प्रसाशनिक रूपरेखा तैयार कर ली गई है,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा प्रखण्ड बिकास पदधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने भारी वाहनों के मनमाने ढंग से परिचालन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कड़ी हिदायत दी है कि रिहायसी इलाकों में भारी वाहनों के परिचालन पर सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक नो एंट्री नियमों का पूर्ण रुप से अनुपालन सभी वाहन संचालक करेंगे,अगर किसी भी भारी वाहन द्वारा नो एंट्री नियमों को तोड़ा गया या मनमाने ढंग से वाहनो का संचालन किया गया तो कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।इस मामले लेकर बीडीओ श्री दास ने कहा कि जल्द ही बरहरवा व रांगा दोनो थाना पुलिस को लिखित पत्र प्रेषित कर नियमों का अनुपालन सख्ती से कराने के लिए निर्देशित किये जाएंगे।हालांकि इस निर्देश के बाद बरहरवा नगर वासियों व आस पास के ग्रामीणों में राहत खुशी का माहौल है।लोगों को रोजाना धूल और स्कूली बच्चों के आवागमन में हो रही परेशानियों के से भी निजात मिल सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाल होटल अग्निकांड में टैटू से हुई मृतक की पहचान

**पटना।** पटना के पाल होटल और अमृत होटल अग्निकांड में मृतक पांचवें शख्स की भी पहचान कर ली गई। मृतक युवक के हाथ पर बने टैटू की तस्वीर देखने के बाद उसके परिजन कोतवाली थाना पहुंचे। मृतक की पहचान तेजप्रताप उर्फ बब्लू ओबरा (औरंगाबाद) निवासी के रूप में की गई है। युवक इंडियन रिजर्व बटालियन का जवान था। तेजप्रताप की बहन पीएमसीएच में कर्मी है और मां सरपंच हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी पुलिस विभाग में हैं। घटना के बाद से तेजप्रताप का मोबाइल बंद आ रहा था। फिलहाल वो झारखंड में पोस्टेड था। पुलिस के अनुसार, मृतक 6 लोगों में से 4 की पहचान पहले ही हो चुकी थी। बचे दो मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इसमें से तेजप्रताप की भी परिजनों ने पहचान कर ली है। अब महिला की पहचान बाकी है। दरअसल, पुलिस ने दोनों मृतकों की पहचान कराने के लिए फोटो जारी की थी। इसके बाद युवक की पहचान के लिए परिजन शनिवार को कोतवाली थाना पर आए। इसके बाद कोतवाली थाने की पुलिस परिजनों को घटनास्थल पर लेकर गई। वहां से बैग, पर्स और अन्य सामान को बरामद किया गया है। इधर, मृतक महिला के पर्स में बिहार पुलिस की वर्दी में कुछ तस्वीर मिली है। इसे पुलिस ने बरामद किया है। साक्ष्य के आधार पर पुलिस परिजनों तक पहुंचने की कोशिश में लगी हुई है। वहीं, पीएमसीएच से भी बॉडी को अगले 72 घंटे तक मॉरचरी में रखने के लिए आवेदन भी दिया गया है। ताकि परिजनों के आने पर बॉडी की पहचान कराई जा सके। वहीं, कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार और इंस्पेक्टर शकील अहमद लगातार महिला की पहचाना की कोशिश में है। बैग से मिले सामान के आधार पर परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। पर्स से सीतामढ़ी से संबंधित संबंधित कुछ कागजात मिले हैं।



### महिला को अज्ञात वाहन ने कुचला, सड़क पार करने के दौरान हादसा, मौके पर ही महिला ने तोड़ा दम

**पटना।** पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र के लख के नजदीक शनिवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने एक महिला को कुचल डाला। इस हादसे में महिला की मौत मौके पर ही हो गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि नौबतपुर थाना क्षेत्र के निसरपुरा निवासी सुरेंद्र मांझी की पत्नी राजधनी देवी 55 वर्ष शनिवार की सुबह शौच के लिए निकली थी। सड़क पार करने के क्रम में अचानक एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। इस हादसे में घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वाहन वहां से तेजी से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए नौबतपुर थाना प्रभारी रजनीश कुमार केसरी ने बताया कि महिला की पहचान निसरपुरा निवासी राजधानी देवी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि धक्का मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी का माहौल बना रहा।



### अब साल में 2 बार होगी CBSE बोर्ड की परीक्षा, अगले सत्र से होगा लागू

**पटना।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 11वीं-12वीं के छात्रों को दो भाषा विषय अनिवार्य रूप से पढ़ने होंगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) स्टूडेंट्स के लैंग्वेज प्रॉब्लम को दूर करने के लिए यह योजना तैयार कर रहा है। अब सीबीएसई लैंग्वेज के पेपर में भी बेसिक और स्टैंडर्ड लैंग्वेज का विकल्प उपलब्ध कराएगा। अभी तक सेकंडरी स्तर पर मैथ्स में ही ऐसी सुविधा है। जो स्टूडेंट्स हायर एजुकेशन में भाषा विषय में अपनी पढ़ाई करना चाहते हैं, वे स्टैंडर्ड का विकल्प लेंगे। जबकि जिन्हें सिर्फ भाषा को पेपर के रूप में पढ़ना होगा, वे बेसिक का विकल्प चुन सकेंगे। अभी तक सीनियर सेकंडरी में छात्रों को एक ही भाषा विषय पढ़ना होता है। वह भारतीय व विदेशी कोई भी भाषा हो सकती है। सत्र 2025-26 से इसे लागू करने की योजना है। नए बदलावों के तहत स्टूडेंट्स को अनिवार्य भाषा में भारतीय भाषा की पढ़ाई करनी होगी। वहीं, सीबीएसई में अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं हो सकती हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से इसके लिए तैयारी करने को कहा है। अगले महीने बोर्ड से जुड़े 28 हजार स्कूल प्रिंसिपल से इस बारे में राय ली जाएगी। सीबीएसई से पूछा गया है कि यदि बोर्ड परीक्षा साल में दो बार ली जाए तो संसाधनों का प्रबंधन कैसे होगा और दूसरी परीक्षा साल में कब ली जा सकती है।



### पटना सिटी में लूटपाट गिरोह का सरगना गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

**पटना।** पटना सिटी के आलमगंज पुलिस ने राहगीरों से लूटपाट मामले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। लूटी गई एक बाइक भी बरामद हुआ है। गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुरानी कोर्ट के पास 25 और 26 अप्रैल को देर रात्रि लूट की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया था। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आलमंगज थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी शरथ आर एस ने इसकी पुष्टि की है। अपराधी की पहचान पटना सिटी के मीना बाजार निवासी गोलू कुमार के तौर पर हुई है। जो गैंग का मुख्य सरगना था। गैंग के 2 और लोगों की तलाश की जा रही है।



### मनेर में 200 लीटर मिलावटी दूध को किया नष्ट, फूड सेफ्टी विभाग ने दुकान में मारा छापा

**पटना।** दानापुर के मनेर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर फूड सेफ्टी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मिलावट की शिकायत पर हल्दी छपरा रोड पर एक दुकान में टीम ने छापा मारा। इस दौरान दूध, पनीर और क्रीम का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से शिकायत मिली थी। जिसके बाद हमारी टीम यहां पहुंची। दुकान रखे दूध में फॉर्मेलिन मिला है। इसी दूध से पनीर और क्रीम निकाला जा रहा है। फॉर्मेलिन की बोतल भी मिली है। जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। दूध, पनीर और क्रीम को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि दूध में काले रंग का केमिकल भी मिलाया गया था। 200 लीटर से अधिक दूध और उससे बने प्रोडक्ट को नष्ट कर किया गया है। दुकान संचालक के पास लाइसेंस भी नहीं है। जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित दुकान संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।



# बिना लाइसेंस वाले वेंडर को दुकान लगाने की अनुमति नहीं

## मुख्य सड़कों की जगह लिंक रोड में लगेंगी दुकानें

**एजेंसी, पटना।**

पटना शहर में नगर निगम से वेंडिंग सर्टिफिकेट प्राप्त फुटपाथी दुकानदार अब अपनी दुकान के आगे प्रमाण पत्र की प्रति लगाकर रोजगार करेंगे। बगैर लाइसेंस के कोई भी दुकानदार फुटपाथ किनारे अपनी दुकान नहीं लगा सकते हैं। फुटपाथ पर सब्जी, फल, कपड़ा, मछली या अन्य सामान का ठेला लगाने वालों दुकानदारों को उसपर अपना नाम और लाइसेंस नंबर लिखना होगा। इसके साथ ही मई के पहले सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होगी।



**वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराया जाएगाः** बेली रोड और बोरिंग रोड में मुख्य सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से लोग ठेला और दुकान लगाते हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। शहर की मुख्य सड़कों के फुटपाथ पर दुकानें नहीं लगेंगी। इन सड़कों से सटे लिंक या सर्विस लेन में फुटपाथ दुकानदारों के लिए व्यवस्था की जाएगी, ताकि जाम की स्थिति नहीं बने। फुटपाथ दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराने के लिए नगर निगम ने आंकलन का काम शुरू कर दिया है। बेली रोड नो वेंडिंग जोन रहेगा। बेली रोड और सचिवालय के सामने सड़क किनारे स्ट्रीट वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी। वेंडरों को रोजगार करने की सुविधा देने के साथ ही सड़कों पर जाम ना लगे, इसके उपाय किए जाएंगे। बेली रोड के 70 और सचिवालय के सामने के 40 लाइसेंसधारी फुटपाथी दुकानदारों को जल्द ही आसपास की किसी जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा।

**अगले महीने टाउन वेंडर की होगी बैठक**

खाकी द बिहार चैप्टर के रियल हीरो की मुश्किलें बढ़ी

# अमित लोढ़ा के खिलाफ एसवीयू की जांच पूरी, आय से अधिक संपत्ति के सबूत मिले

**एजेंसी, पटना।**

बिहार कैडर के आईपीएस और खाकी द बिहार चैप्टर वेब सीरीज के रियल हीरो आईजी अमित लोढ़ा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्पेशल विजिलेंस यूनिट(एसवीयू) ने लोढ़ा के मामले की जांच पूरी कर अभियोजन की स्वीकृति के लिए गृह विभाग को अपनी गोपनीय रिपोर्ट भेज दी है। जांच के लिए निर्धारित छह महीने की समय सीमा से करीब तीन महीने पहले ही एसवीयू ने रिपोर्ट सौंपी है। एसवीयू लोढ़ा की किताब पर आधारित बेव सीरीज बनाने वाली प्रोडक्शन कंपनी फ्राइडे स्टोरी टेलर एलएलपी से अवैध तरीके से पैसा अर्जित करने के मामले में चार्जशीट करेगी। गृह विभाग के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। एसवीयू को इन्वेस्टिगेशन में आय से अधिक संपत्ति के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। लोढ़ा की दलील थी कि एफआईआर के पहले प्रारंभिक जांच पड़ताल नहीं की गई। लिहाजा एफआईआर विधिवत नहीं है। उन्होंने किताब लिखने को लेकर क्षेत्राधिकार का भी मामला उठाया था। उनकी दलील थी कि केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान उन्होंने किताब लिखी, लेकिन चूंकि वे बिहार कैडर के आईपीएस हैं इसलिए एसवीयू की प्राथमिकी को सही माना गया। अमित लोढ़ा और फ्राइडे स्टोरी टेलर्स के बीच कहानी के स्वामित्व अधिकार को लेकर करारा हुआ और फ्राइडे स्टोरी टेलर्स ने लोढ़ा की पत्नी को अलग-अलग रकम का भुगतान किया। लोढ़ा के खिलाफ जांच कर रही एसवीयू को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले थे। सूत्रों के अनुसार देश के विभिन्न हिस्सों में अमित लोढ़ा से जुड़े कथित भारी निवेश और कई बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़ी जानकारी इकट्ठा की जानी थी। इसमें 4 से 6 महीने का वक्त लग सकता था। लोढ़ा अपने विरुद्ध एसवीयू की प्राथमिकी को रद्द कराना चाहते थे।



# एनिवर्सरी के दिन 50 हजार के लिए बहू की हत्या

**एजेंसी, पटना।**

पटना के पालीगंज अनुमंडल में मैरिज एनिवर्सरी के दिन बहू को जहर देकर मार डाला। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए दवाब बना रहे थे। महज 50 हजार रुपए नहीं देने पर ससुराल वालों ने बेटी को मार डाला। घटना दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव की है। मृतका की पहचान प्रशांत कुमार की पत्नी गीता कुमारी(24) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

**मौत से पहले का वीडियो आया सामनेः** गीता कुमार का एक पुराना वीडियो भी सामने आया है, जो 2 से 3 महीने पहले की है। जिसमें वो ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कह रही है कि घर पर आए पिताजी से नहीं मिलने दिया गया। हमें न्याय चाहिए। हमारे साथ हर दिन मारपीट करते हैं। घर पर भी बात करने से मना कर रखा है। विरोध करने पर मेरे माता-पिता को भी जान से मारने की धमकी देते हैं। अगर हमें कुछ भी होता है, तो इसके जिम्मेदार पति और ससुराल के लोग होंगे।



♦ **परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए दवाब बना रहे थे**

# अपराधियों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर, घर लौटने के दौरान वारदात को दिया गया अंजाम

**एजेंसी, पटना।**

पटना के मसौढ़ी में अपराधियों ने एक युवक को शुक्रवार की देर रात गोलियों से भून डाला। घायल अवस्था में युवक को मसौढ़ी के अनुमंडल अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी के डीएसपी नव वैभव ने बताया कि पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे को देखा जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस मौके पर एफएसएल टीम के माध्यम से भी अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है।




**घर लौटने के दौरान हादसाः** मसौढ़ी के कुम्हरार टोली निवासी विशाल कुमार शुक्रवार की देर रात अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में पैदल दो अपराधियों ने उन पर गोलियां चला दी। बताया जा रहा है की गोली विकास कुमार के आंख के नीचे लगी और वह वहीं पर गिरकर छटपटाना लगे। इस बीच अपराधी वहां से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल अवस्था में युवक का इलाज के लिए मसौढ़ी के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

**पीएमसीएच रेफर किया गयाः** यहां से डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी देते हुए मसौढ़ी के एसडीपीओ नव वैभव ने बताया कि अपराधियों के द्वारा एक गोली मारे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से गोली के खोखे बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि घायल युवक भी पूर्व का अपराधी रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

# पटना सिटी में अचानक से गिरा मकान, कई वर्षों से जर्जर स्थिति में था

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी चौक थाना क्षेत्र के तख्त श्री हरमंदिर साहब गुरुद्वारा के सामने दो तल्ला मकान शनिवार की दोपहर अचानक भरभराकर गिर पड़ा। मकान के गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों ने भाग कर वहां से जान बचाई। चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि पुराना मकान था। उसके गिरने से फिलहाल कोई हताहत नहीं हुआ है।



**वर्षों से जर्जर स्थिति में हैः** पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र के तख्त श्री हरमंदिर साहब के ठीक सामने पारस का एक दो ताला मकान है। आपसी पारिवारिक विवाद को लेकर मकान का बंटवारा नहीं हो पाया है। जिसके कारण मकान वर्षों से जर्जर स्थिति में है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के कारण मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण मकान को यूं ही छोड़ दिया गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि पिछले एक-दो दिन से मकान के ईंट गिर रहे थे।

**चिल्लाने लगे लोगः** शनिवार को मकान अचानक जोर की आवाज के साथ सड़क पर गिर पड़ा। मकान के गिरते ही जोर की आवाज होते ही आसपास के लोगों के बीच भगदड़ मच गई। लोग अपनी अपनी जान बचाने के लिए वहां से इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि तख्त श्री हरमंदिर साहिब में कई दर्शनार्थी तख्त साहब में दर्शन के लिए वहां पहुंचे थे। इस हादसा के बाद वह भी डर कर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चौक थाने को दी। घटना की सूचना मिलते ही चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर के लिए आवागमन वहां बाधित हो गया। बाद में लोगों ने मकान के मलबे को किनारे करके आवागमन चालू करवाया।

# 'किलकारी' में कल से समर कैंप

**पटना।** पटना के किलकारी बाल केंद्र में रविवार से समर कैंप की शुरुआत हो रही है। इस कैंप में बच्चों को नृत्य, संगीत, वादन, नाटक, फोटोग्राफी एंड साउंड एडिटिंग, कंप्यूटर, विज्ञान, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, सृजनात्मक लेखन, खेल और फन गेम्स में भाग लेने का मौका मिलेगा। किलकारी की चक धूम-धूम समर कैंप 15 मई तक आयोजित होगी। सभी एक्टिविटी के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। 18 दिनों तक चलने वाले इस कैंप में 9 राज्यों के 12 कलाकार, विशेषज्ञ बच्चों को ट्रेनिंग देंगे।

इसके साथ ही 40 स्थानीय प्रशिक्षक भी बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे भाग लेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री है। नृत्य में बच्चे बिहार की लोक संगीत परंपरा, तिरुवाथिरा लोक नृत्य (केरल), फ्री स्टाइल डांस, रोप डांस आदि सीखेंगे। चित्रकला में पटना कलम चित्रकला, पट्ट चित्र, मधुबनी, स्केचिंग, सब्जी प्रिंट, फेंस पेंट आदि सीखने का मौका मिलेगा।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

## सड़क पार करने के दौरान ट्रक ने मारी टक्कर, मौत के बाद लोगों ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना।**

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग रोड क्रॉस कर रहे थे। इस दौरान ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी तेज थी कि बुजुर्ग कुछ दूर जा गिरे। इसके बाद ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों और आसपास के लोग हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। लोगों को समझा कर सड़क खाली कराया। साथ ही ट्रक को जब्त किया गया है।

**मृतक की हुई पहचानः** कंकड़बाग थाना क्षेत्र के जकनपुर बाइपास के पास दिन में सड़क दुर्घटना हुई। इसमें सड़क पार कर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामचंद्र प्रसाद 70 वर्षीय अशोक नगर रोड नंबर-14 A के रहने वाले के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुजुर्ग बहुत तेज नही चल पाते है। बहुत देर रुकने के बाद वो सड़क पार कर रहे थे। तभी बेऊर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को रौंद दिया।



**क्या बोले कंकड़बाग थानाध्यक्षः** कंकड़बाग थानाध्यक्ष नीरज ठाकुर ने बताया कि सड़के हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद लोग सड़क जाम कर के प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है साथ हीं ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फायर ऑडिट के लिए नहीं होगा आवेदन का इंतजार

## नियमों में बदलाव की तैयारी कर रही बिहार फायर सर्विस, गृह विभाग से मांगी जाएगी मंजूरी

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में फायर ऑडिट के नियमों में बदलाव होगा। अब तक लोग अपने बिल्डिंग, होटल या दूसरे प्रतिष्ठानों का फायर ऑडिट करवाने के लिए खुद से आवेदन बिहार फायर सर्विसेज को देते थे। आवेदन मिलने के बाद फिर फायर सर्विसेज की टीम जाती है और ऑडिट करके रिपोर्ट तैयार करती है। साथ ही मानकों के आधार पर बदलाव करने का सुझाव अपने रिपोर्ट के तहत देती है। पर आने वाले दिनों में ऐसा नहीं होगा। क्योंकि, तंग गलियों या मेन रोड पर ही संकीर्ण बिल्डिंगों में चलने वाले होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग और हॉस्टलों व दूसरे प्रतिष्ठानों की फायर ऑडिट खुद से फायर सर्विसेज की टीम जाकर करेगी। इसके लिए बहुत जल्द ही नियमों में बदलाव किया जाएगा और इस संबंध में एक लेटर गृह विभाग को भेजकर उनसे मंजूरी मांगी जाएगी। इसकी पुष्टि बिहार होमगार्ड व फायर सर्विसेज की DG शोभा ओहटकर ने की है।

**एक महीने में सुधार नहीं होने पर बिल्डिंग हो जाएगी सीलः** गुरुवार को पटना के पाल होटल में हुए अग्निकांड ने सबको हिलाकर रख दिया है। इस कांड में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। अगर फायर सर्विसेज की टीम समय पर अपना ऑपरेशन शुरू नहीं करती तो मरने वालों की संख्या इससे अधिक हो सकती थी। इस दर्दनाक हादसे ने बिहार के अंदर फायर ऑडिट के सरकारी नियमों में बदलाव के लिए बड़ा कदम उठाने की ठोस वजह दे दी है। राजधानी में कई ऐसे कंजस्टेड बिल्डिंग है, जिसमें एक टाइम में सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद होते हैं। जहां पाल होटल जैसा हादसा होने पर लोगों के सुरक्षित निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। वहां फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। ऑडिट के लिए



नियमों में बदलाव की मंजूरी मिलते ही फायर सर्विसेज की टीम खुद से ही पहचान कर ऑडिट के लिए पहुंच जाएगी। फिर जिस बिल्डिंग में होटल, स्कूल, कोचिंग, कॉलेज या दूसरे प्रतिष्ठान चल रहे होंगे, उसके मालिक को नोटिस दिया जाएगा। उस नोटिस में बिल्डिंग के अंदर फायर फाइटिंग को लेकर जो भी कमियां हैं, उसके बारे में बताया जाएगा। साथ ही लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए एक महीने का वक्त सुधार के लिए दिया जाएगा। तय समय में मानकों के तहत सुधारात्मक उपाए नहीं हुए तो फिर फायर सर्विसेज खुद से कड़े कदम उठाएगी और वैसे बिल्डिंग व प्रतिष्ठानों को सील कर देगी।

**सख्त कदम इसलिए भी है जरूरीः** पटना जंक्शन के पास जिस पाल होटल में आग लगी और 6 लोगों की मौत हुई, उसका लास्ट फायर ऑडिट 2021 में हुआ था। करीब तीन सालों से उसके मालिक ने अपने होटल का फायर ऑडिट करवाया ही नहीं था। साथ ही ऑडिट के बाद बदलाव के लिए जो निर्देश दिए गए थे, उसका भी पालन उसने किया ही नहीं। फायर सर्विसेज की DG के अनुसार सरकारी बिल्डिंगों का समय-समय पर खुद से हमारी टीम जाकर ऑडिट करती है। लेकिन, प्राइवेट बिल्डिंग और प्रतिष्ठानों के ऑडिट के लिए आवेदन का इंतजार करना पड़ता है। इसलिए ऑडिट के नियमों में बदलाव जरूरी है। होम डिपार्टमेंट से मंजूरी मिलने के बाद मुंबई के तर्ज पर एक एजेंसी को हायर किया जाएगा। जो फायर ऑडिट करेगी। फिर उसके रिपोर्ट को हमारी टीम क्रॉस चेक करने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

**लगाना होगा वाटर हाइड्रेंटः** पाल होटल जैसी घटना को रोकने के लिए जिस बिल्डिंग में फायर फाइटिंग के संसाधनों की कमी होगी, वहां हर हाल में वाटर हाइड्रेंट बनाने को कहा जाएगा। खासकर उन बिल्डिंगों में जो शहर के तंग गलियों में स्थित हैं। जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहुंचने में परेशानी होगी। ऐसे बिल्डिंगों में आग लगने पर वाटर हाइड्रेंट के जरिए कम समय में आग पर काबू पाया जा सकता है। इससे नुकसान भी बहुत कम होगा। इसके अलावा भी कई और ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिस पर सुधार के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में पटना में सभी फायर स्टेशन के हेड को मुख्यालय बुलाया गया था और उनके साथ शुक्रवार को एक मीटिंग भी की गई।

# ध्रुवीकरण और जाति का जोर, दूसरे चरण में इन दो सीटों पर कम मतदान ने बढ़ाई टेंशन



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में ध्रुवीकरण और जाति का जोर दिखाई दिया। दूसरे चरण में दो लोकसभा सीटों पर कम मतदान से सियासी दलों की चिंता बढ़ गई है। कई सीटों पर सपा और भाजपा की टक्कर दिखाई दी। जबकि कई जगह कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला दिखा।

लोकसभा चुनाव का दूसरा फेरा भी पूरा हुआ। उम्मीद के मुताबिक गाजियाबाद और मथुरा में बूथों पर मतदाताओं का पगफेरा कम ही रहा। मतदाताओं की इस उदासीनता ने अखाड़े के पहलवानों के साथ ही उनको मैदान में उतारने वाले दलों की धुकधुकी बढ़ा दी है। गर्मी के कारण दोपहर में मतदान की गति बेहद धीमी रही, मतदाता कम निकले। आठों सीटों की बात करें, तो ध्रुवीकरण और जाति का जोर ही नजर आया। पिछले चुनाव में बसपा के खाते में गई अमरोहा सीट पर इस बार भी सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। यहां फैसला हाथी की चाल पर निर्भर करेगा।

**अमरोहा = सीधे मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस-** अमरोहा में भाजपा के कंवर सिंह तंवर और विपक्षी गठबंधन से उतरे कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के बीच सीधा मुकाबला नजर आया। यह स्थिति शहर-कस्बों से लेकर गांवों तक रही। बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद हुसैन कुछेक बूथों को छोड़कर अपना काडर वोट हासिल करने में कामयाब दिखे। बहरहाल, जीत किसकी होगी यह हाथी की चाल से ही तय होगा। दूसरे चरण में अमरोहा में सबसे ज्यादा मतदान हुआ। इस सीट पर मुद्दे हवा रहे, तो जातीय समीकरण हावी नजर आए।

**गौतमबुद्धनगर में त्रिकोणीय मुकाबला-** गौतमबुद्धनगर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा। क्षत्रिय समाज के विरोध का ग्रामीण क्षेत्रों में आंशिक असर देखने को मिला। पर, शहरी क्षेत्रों में इसका कोई प्रभाव नहीं रहा। सपा और बसपा में वोटों के बंटवारे का फायदा भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा को होता दिखा। गर्मी का असर इस सीट पर भी दिखा और मतदाता बाहर कम निकले। शहरी इलाकों की बहुमंजिला इमारतों में मतदान केंद्र बनाने का निर्णय कारगर साबित हुआ और लोगों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**मेरठ = भाजपा-सपा में सीधी टक्कर-** भाजपा और सपा में सीधी टक्कर नजर आई। मुद्दे हवा रहे और जातिगत समीकरण हावी। बसपा के वोटबैंक में सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा सेंध लगाती नजर आईं। बसपा के देवव्रत त्यागी का ज्यादा जोर नहीं दिखा। भाजपा के अरुण गोविल को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम का सहारा मिला। रालोद के साथ रहने से भी मदद मिली। वहीं, सपा प्रत्याशी मुस्लिम वोट बैंक के सहारे नजर आया। दलित वोटर सपा-बसपा में बंटते दिखे।

**बागपत = नजर आया दिलचस्प मुकाबला -** मतदान प्रतिशत कम होने से पार्टियों व प्रत्याशियों की चिंता बढ़ गई है। अधिकतर बूथों पर शुक्रवार सुबह ही वोटर मतदान के लिए पहुंच गए। आठ बूथों पर ईवीएम खराब हो गई और मतदाताओं को ईवीएम ठीक होने का इंतजार करना पड़ा। किसी जगह आधे घंटे, तो कई जगह एक घंटे बाद मतदान हो सका। चौधरी परिवार की परंपरागत सीट पर मुकाबला दिलचस्प दिखा।

**गाजियाबाद = भाजपा-कांग्रेस में रस्साकशी-** भाजपा और कांग्रेस मुख्य लड़ाई में नजर आए। भाजपा से अतुल गर्ग, कांग्रेस से डॉली शर्मा और बसपा से नंद किशोर चुनाव मैदान में हैं। 41 डिग्री की गर्मी से मतदान की रफ्तार सुस्त रही। क्षत्रियों की नाराजगी का कोई खास असर नहीं दिखा। ग्रामीण क्षेत्र मतदान में सबसे आगे रहे, तो शहरी क्षेत्र पीछे। वोटिंग पैटर्न में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला।

### बुलंदशहर : दलित वोटों में भाजपा की सेंध

बुलंदशहर सीट पर भाजपा प्रत्याशी भोला सिंह अनुसूचित जाति के वोटों में सेंधमारी करने में कामयाब नजर आए। हालांकि क्षत्रिय वोट बैंक की नाराजगी का असर भी दिखा। बसपा प्रत्याशी गिरीश चंद्र जाटव काडर वोटों के साथ अन्य बिरादरी में पकड़ नहीं बना पाए। विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि मुस्लिम वोटों के सहारे दिखे। कुछ स्थानों पर भाजपा का जोर दिखा।

### अलीगढ़: ध्रुवीकरण का दिखा असर

ध्रुवीकरण का भी असर दिखा। इसके चलते पिछले दो बार से भाजपा के कब्जे वाली यह सीट त्रिकोणीय मुकाबले में फंसती दिखाई दे रही है। भाजपा सांसद सतीश गौतम को सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व सांसद चौ. विजेंद्र सिंह ने कड़ी टक्कर दी। बसपा प्रत्याशी हितेंद्र उपाध्याय बंटी को पूर्व भाजपाई होने का फायदा मिलता नहीं दिखा।

### मथुरा : कान्हा की नगरी में घरों में कैद रहे मतदाता

मथुरा में गर्मी की वजह से मतदाता घरों में कैद रहे। वहीं, कई इलाकों में मतदाताओं की नाराजगी भी नजर आई। सूरज की तपिश बढ़ने के साथ मतदान केंद्रों की ओर जाने वाले मतदाताओं के कदम भी थमते गए। कुछ बूथों पर ईवीएम में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। इससे भी मतदान थोड़ी देर तक प्रभावित रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली जेल शिफ्ट हुए धनंजय सिंह को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, बाहर तो आ जाएंगे, लेकिन...



**जौनपुर, एजेंसी।** जेल से बाहर आएंगे धनंजय सिंह। जमानत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह की सजा पर रोक से इंकार कर दिया। ऐसे में धनंजय सिंह जेल से बाहर तो आ जायेंगे, लेकिन चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जौनपुर से धनंजय की पत्नी श्रीकला बसपा से चुनाव मैदान में हैं। बतादें कि पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार को सुबह आठ बजे जौनपुर जिला कारागार से बरेली जेल शिफ्ट किया गया था। पुलिस के मुताबिक, शासन के आदेश पर उन्हें शिफ्ट किया गया था। धनंजय बीते छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे। इसी बीच, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उन्हें ज़मानत दे दी। वहीं, धनंजय सिंह के अधिवक्ता उमेश शुक्ल ने कहा है कि अभी मेरे पास आदेश की कॉपी नहीं आई है। इसलिए कुछ कहा नहीं जा सकता।

### 400 पार का नारा बीजेपी का बड़बोलापन, अब मोदी भी..., सुब्रमण्यम स्वामी ने दिया बड़ा बयान



**मिर्जापुर, एजेंसी।** सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि मुसलमानों को वैसे भी तीनों मंदिरों से अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए। क्योंकि अयोध्या, मथुरा, काशी हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़ा है। मुसलमान कहीं भी मस्जिद बनाके नमाज पढ़ सकता है। इलेक्टोरल बांड पर कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। मामले में अभी कुछ बोलना जल्दबाजी होगी। भाजपा नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि 400 पार का नारा देना भाजपा का बड़बोलापन है। अब तो मोदी भी नहीं बोल रहे हैं और बोलना भी नहीं चाहिए। सिर्फ इतना ही कहना चाहिए कि केंद्र में बहुमत से आएंगे। पूर्व सांसद शुक्रवार को यहां एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए। उन्होंने पत्रकारों से बात की और कहा कि अगर चीन अगर भारतीय क्षेत्र को खाली नहीं करता तो भारत को उससे युद्ध करना चाहिए। राम मंदिर का निर्माण देश के लिए सौभाग्य की बात है। जहां राम पैदा हुए, वह स्थान हिंदुओं के लिए आस्था की जगह है। मैंने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया था कि राम मंदिर पर हमारा मूलभूत अधिकार है। अभी मथुरा में भव्य मंदिर का निर्माण होगा। मुसलमानों ने वैसे तो हजारों मंदिरों को तोड़ा है मगर अयोध्या, काशी और मथुरा के मंदिर हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारी आस्था के प्रतीक हैं।

### बच्चे के जन्म की खुशी पर बांटे लड्डू खाने से 15 बच्चे बीमार, कई अस्पताल में भर्ती



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के मेहंदीगंज इलाके में बच्चों की खुशी के अवसर पर बांटे गए लड्डू खाने से 15 से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। जिन्हें गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। बताया जा रहा है कि स्थानीय निवासी सहाना के घर में बच्ची का जन्म हुआ था जिसकी खुशी में सहाना ने बच्चों के बीच लड्डू का वितरण करवाया था। बताया जा रहा है कि लड्डू खाने के बाद बच्चों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई। बच्चों को देर रात गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कराया। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। वहीं, अभी भी करीब 9 बच्चों का इलाज किया जा रहा है।

### टैक्स इंस्पेक्टर बताकर शादी करने वाला निकला बेरोजगार, जाति में भी था फर्जीवाड़ा, भेद खुला तो...

**लखनऊ, एजेंसी।** मैरिज वेबसाइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर संपर्क के दौरान एक शहर की एक युवती का लखनऊ के युवक से संपर्क हुआ। युवक ने खुद को क्षत्रिय जाति का और इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर बताया। पांच महीने की बातचीत के बाद दोनों में शादी हो गई लेकिन युवक न केवल बेरोजगार निकला बल्कि जाति भी दूसरी निकली। बदहवास युवती ने एसपी से आपबीती बताई तो शहर कोतवाली में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## व्हाइट कॉलर क्राइम प्रहार, नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालों की जब्त होगी संपत्ति

**लखनऊ, एजेंसी।** नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों को ठगने वाले जालसाजों की संपत्ति जब्त की जाएगी। हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में चिंता व्यक्त करने के बाद डीजीपी प्रशांत कुमार ने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करें। किसी संस्था अथवा एजेंसी द्वारा इस तरह का फर्जीवाड़ा करने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की



जाए।डीजीपी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि वर्तमान में फर्जी सेवायोजन कंपनियों द्वारा नौकरी का लालच देकर युवाओं से बड़ी मात्रा में धन वसूली की जा रही है। बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा रोजगार के लालच में इन एजेंसियों का शिकार बन रहे हैं। लिहाजा ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए।

इस प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए तथा प्रभावी विवेचना कर अदालत में समय पर आरोपपत्र प्रस्तुत किए जाएं ताकि इस तरह की धोखाधड़ी में संलिप्त अपराधियों को न्यायालय द्वारा सख्त सजा दिलाई जा सके। यदि किसी संस्था एवं एजेंसी द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आता है तो उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए संपत्तियों को जब्त किया जाए। उन्होंने सभी कमिश्नरेट और जिलों के प्रभारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा है।

## राहुल-प्रियंका के नाम पर लगेगी मुहर, अमेठी-रायबरेली पर हो सकता है फैसला; दिल्ली में बैठक आज

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की सियासत में अमेठी और रायबरेली सीट सुर्खियों में है। इन दोनों सीटों पर आज दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में चर्चा होगी। उम्मीद है कि दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग जाएगी। दूसरी तरफ रायबरेली और अमेठी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर तैयारी पूरी कर ली है। वे बस प्रत्याशियों का इंतजार कर रहे हैं। अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने को लेकर अभी तक कयासबाजी ही चल रही है। पार्टी की ओर से अधिकृत तौर पर कोई घोषणा नहीं की गई है। राहुल गांधी की उम्मीदवारी वाले लोकसभा क्षेत्र केरल के वायनाड सीट पर मतदान भी शुक्रवार को हो गया है। इसी बीच शनिवार को कांग्रेस ने केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुला ली है।

इस बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना हिस्सा लेंगी। वह दिल्ली रवाना हो गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दोनों लोकसभा क्षेत्रों में अब तक की गई तैयारी से संबंधित पूरी रिपोर्ट लेकर दिल्ली जा रहे हैं। उम्मीद है कि इस बैठक में रायबरेली और अमेठी उम्मीदवार के नाम पर भी मुहर लग सकती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में से 15 पर उम्मीदवारों की घोषणा की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश में दो चरण का चुनाव भी पूरा हो चुका है।

बूथ स्तर पर तैयार हैं कार्यकर्ता

लोकसभा क्षेत्र के मीडिया समन्वयक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने बताया कि पार्टी की ओर से बूथवार तैयारी पूरी कर ली गई है। कमेटियां गठित कर उसकी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेजी गई है। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में बूथ कमेटियों की बैठक भी हो रही है। हर जगह से राहुल गांधी को चुनाव मैदान में आने



की मांग की जा रही है। यही स्थिति रायबरेली में भी है। उन्होंने कहा कि जनता दोनों सीटों पर कांग्रेस को वोट देने के लिए तैयार है। इस बार अलग तरह का रुझान दिख रहा है। लोगों में कांग्रेस के प्रति भरपूर उत्साह है।

**अमेठी और रायबरेली से मिलेगा दीर्घकालीन फायदा-** अमेठी और रायबरेली की सियासी नब्ज पर नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना कहते हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के यूपी से चुनाव लड़ने का पार्टी को दीर्घ कालीन फायदा मिलेगा। यदि वे यहां से जुड़ाव स्थापित करने में सफल होते हैं तो अन्य लोकसभा क्षेत्रों में बेहतर माहौल बनेगा। साथ ही 2027 के चुनाव के लिए नए सिरे से सियासी समीकरण बनेगा। इतना जरूर है कि राहुल गांधी को इस बात का ध्यान रखना होगा कि अब सियासत बदल गई है। सिर्फ हाथ हिलाने और चमकदार चेहरे के दाम पर चुनाव नहीं जीता जा सकता है, बल्कि वोटरों के बीच पैठ बढ़ानी होगी।

वहीं वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव कहते हैं कि पिछली बार अमेठी से राहुल गांधी के हारने की बड़ी वजह जनता से दूरी थी। इस बार देखा जाए तो राहुल गांधी के लिए वायनाड भी अनुकूल नहीं है। वहां कम्युनिस्ट पार्टी ने भी उनको घेर रखा है। इस स्थिति में राहुल गांधी फिर से यूपी लौट सकते हैं। अमेठी और रायबरेली में नामांकन तीन मई को है। इस बात की भी संभावना है कि राहुल गांधी रायबरेली से उम्मीदवार हो जाएं। क्योंकि अमेठी की अपेक्षा रायबरेली राहुल गांधी के लिए ज्यादा सुरक्षित है।

लोकसभा चुनाव

## जहां हुई नेहरू-गांधी की पहली मुलाकात, उस सीट पर समाप्त हुई कांग्रेस, सपा के खाते में गई सीट

**लखनऊ , एजेंसी।** हम उस सीट की बात कर रहें जहां महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू की पहली मुलाकात हुई। इस सीट पर कांग्रेस की दशा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस चुनाव में यह सीट सपा के खाते में गई है।

महात्मा गांधी और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पहली मुलाकात जिस शहर में हुई थी वह लखनऊ ही है। वर्ष था 1916 और महीना था दिसंबर। राजधानी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन था, जिसमें महात्मा गांधी को आना था । गांधीजी से मिलने के लिए उस समय युवा जवाहर लाल नेहरू खासतौर पर लखनऊ आए थे। कांग्रेस के दो प्रमुख दिग्गजों की पहली मुलाकात का गवाह बने लखनऊ में आज कांग्रेस अपना वजूद तलाश रही है। यह हाल यूं ही नहीं हुआ। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके लिए खुद कांग्रेस नेतृत्व ही जिम्मेदार है। पहले कांग्रेस के आपसी विभाजन ने लखनऊ में पार्टी को कमजोर किया और फिर हाईकमान के फैसलों ने। नया नेतृत्व उभारने में अपने और पराए के भेद के बीच अयोध्या आंदोलन ने कांग्रेस से जिस तरह प्रदेश में उसका मूल वोट छीना, वही हाल लखनऊ में भी हुआ। परिवारवाद का प्रभाव भी पड़ा और लखनऊ में पं. नेहरू की रिश्तेदार शीला कौल एवं विजय लक्ष्मी पंडित को स्थापित करने की कोशिशों ने दूसरों को कांग्रेस से दूर कर दिया।



कांशीराम के उभार ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक में सेंध लगाई तो मुलायम की मुस्लिम हितैषी छवि ने राजधानी के मुसलमानों को कांग्रेस से विमुख करना प्रारंभ कर दिया । ऊपर, से प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व की स्थानीय नेतृत्व को उभारने में पक्षपातपूर्ण नीति ने भी राजधानी में पार्टी की जड़ों को हिला दिया। नतीजा यह हुआ कि कैलाशपति, कृष्णा रावत, तारा चंद्र सोनकर सहित नई पीढ़ी के कद्दावर नेता कांग्रेस से धीरे-धीरे अलग हो गए।

लखनऊ में वैसे तो 1984 के बाद कांग्रेस का ग्राफ गिरने लगा था। इसका असर 1989 के चुनाव में देखने को मिला, जब जनता दल से मांधाता सिंह चुनाव जीत कर आए। इसी के बाद अटल बिहारी वाजपेयी का युग आया, जब लखनऊ के बड़े ब्राह्मण नेता उनसे जुड़ गए। यह वह दौर था जब लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से 14.3 फीसदी ब्राह्मण वोट कांग्रेस के पाले से खिसक कर भाजपा के पाले में आ गया।

**1984 तक ही दिखी कांग्रेस -** 1952 लखनऊ के साथ बाराबंकी गंगा देवी, 1952 में सेंट्रल लखनऊ से विजय लक्ष्मी पंडित, 1957 पुलिन बिहारी बनर्जी, 1962 बीके धौन, 1967 में एएन मुल्ला, 1971 में शीला कौल, 1977 हेमवती नंदन बहुगुणा भारतीय लोक दल, 1980 में कांग्रेस से शीला कौल ने चुनाव जीता। 1984 में भी वही रहीं। 1989 में मांधाता सिंह जनता दल से जीते थे। इसी के बाद से लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस मुख्य धारा से कटती रही।

## ओपीडी में अचानक पहुंची सीबीआई टीम, डॉक्टर को लिया हिरासत में, व्यापम से जुड़ा है मामला, मचा हड़कंप



**चंदौली, एजेंसी।** सीबीआई भोपाल उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। पिछले दिनों उनके घर पर नोटिस चस्पा किया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। सर्विलांस की मदद से मोबाइल लोकेशन के आधार पर सीबीआई टीम ने नौगढ़ सीएचसी से उन्हें दबोच लिया।

मध्य प्रदेश के चर्चित व्यापम घोटाले में की जांच कर रही सीबीआई की टीम तीसरी बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ पहुंची। टीम ने डॉ. सुनील कुमार को ओपीडी में मरीजों को देखते समय गिरफ्तार कर लिया। इसके पहले भी सीबीआई यहां के दो चिकित्सकों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी।

बताया जा रहा कि अदालत ने दो दिन की ट्रॉजिंट रिमांड देकर बुधवार को शाम तक अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल की अदालत में नौगढ़ सीएचसी के डॉ. सुनील सिंह को पेश करने का आदेश दिया था। इसके बाद सीबीआई की टीम ने अस्पताल से आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। यहां से दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद सीबीआई टीम भोपाल के लिए रवाना हो गई। आरोपी चिकित्सक मूल रूप से जौनपुर जिले के उर्रा गांव का निवासी है। गिरफ्तार किए गए डॉ. सुनील कुमार पर आरोप है कि सैफई से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने के बाद भी वह पीएमपी-2012 में शामिल हुए इंदौर स्थित केंद्र में परीक्षा देकर महिला अभ्यर्थी को नकल कराई थी। इस मामले में पकड़े गए आरोपियों ने इनका भी नाम लिया था। मध्य प्रदेश के चर्चित व्यापम घोटाले में वांछित चिकित्सक डॉ. सुनील को पकड़ने के लिए सीबीआई की टीम मरीज बनकर अस्पताल पहुंची थी। पहले उन्होंने चिकित्सक के मोबाइल पर कॉल किया और काफी दिनों से पेट में तकलीफ बताई।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी पुलिस ने अश्वेत की गर्दन दबाई, मौत, वो चिल्लाता रहा- मेरी सांस फूल रही है, पुलिस ने पैर नहीं हटाया

**नई दिल्ली।** अमेरिका के ओहयो राज्य में एक अश्वेत शख्स की मौत के बाद वहां की पुलिस की कड़ी आलोचना की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओहायो के कैंटन पुलिस डिपार्टमेंट ने एक बार पर कार्रवाई की। इस दौरान एक शख्स की गर्दन को पैरों से जकड़ा और उसे हथकड़ियां लगाईं। कुछ देर में उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान 53 साल के फ्रैंक टायसन के तौर पर हुई। गिरफ्तारी के दौरान वह बार-बार कहता रहा कि वह सांस नहीं ले पा रहा है। हालांकि, पुलिस ने उसकी बात पर गौर नहीं किया। पुलिस वाला उसे कहता रहा कि तुम्हें कुछ नहीं हुआ है। तुम ठीक हो। हालांकि, टायसन ने पुलिस की कार्रवाई के 16 मिनट में ही दम तोड़ दिया। ये सारी घटना पुलिसवालों के बॉडीकैम में रिकॉर्ड हो गई, जिसे कैंटन पुलिस ने रिलीज किया है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट अटलांटा ब्लैक स्टार के मुताबिक फ्रैंक 6 मिनट तक फर्श पर बेहोश पड़ा रहा। इस दौरान पुलिस बार में मजाक कर रही थी। घटना 18 अप्रैल की बताई जा रही है। फ्रैंक टायसन की गाड़ी एक बिजली के खंभे से टकरा गई थी। पुलिस ने उसका पीछा किया तो रास्ते में मौजूद किसी ने जानकारी दी की टायसन पास ही के एक क्लब में मौजूद है। पुलिस जब क्लब पहुंची तो एक महिला ने कहा टायसन को बाहर लेकर जाओ। पुलिस जैसे ही उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़ती है, टायसन उन्हें कहता है, 'शेरिफ को बुलाओ, तुम मुझे मार नहीं सकते।' 1 तभी पुलिस वाले उसे पकड़ लेते हैं। एक पुलिस वाला टायसन की गर्दन पर पैर रखता है, जबकि दूसरा उसे हथकड़ी लगाता है।



### बंधक इजराइली महिला से शादी करना चाहता था हमास लड़ाका, किडनैपिंग करने के 14 दिन बाद अंगूठी दी

**तेल अवीव।** इजराइल हमास जंग के बीच एक इजराइली महिला ने खुलासा किया है कि एक हमास का लड़ाका उससे शादी करना चाहता था। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, 18 साल की नोगा वीस पिछले साल गाजा में 50 दिन हमास की कैद में रही थी। इसी दौरान हमास के लड़ाका ने उससे शादी की इच्छा जाहिर की। नोगा ने बताया कि कैद के 14वें दिन लड़ाके ने उसे एक अंगूठी दी और कहा कि सभी को रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन तुम यहां मेरे साथ रहोगी और मेरे बच्चे पैदा करोगी। नोगा ने बताया था कि हमास लड़ाके के बात से वो बहुत डर गई थी। लड़ाके ने उनसे शादी पर जवाब मांगा और उन्होंने हंसकर सिर हिलाया, क्योंकि उन्हें लगा कि अगर उन्होंने कुछ जवाब नहीं दिया, तो लड़ाका उसे गोली मार देता। इसके बाद उनकी रिहाई तक वो उसके साथ ही रहा। बाद में लड़ाके ने नोगा को उसकी मां से मिलाया, जो उन्हीं के साथ 7 अक्टूबर को किडनैप हुई थी। लड़ाके ने ये सब इसलिए किया ताकि वो नोगा का हाथ मांग सके। लड़ाके के दोस्त अक्सर नोगा से कहते रहते थे कि वो तुमसे बहुत प्यार करता है और शादी करना चाहता है। इसके बाद नवंबर 2023 में नोगा और उनकी मां को 4 दिन के संघर्ष विराम बाद छोड़ दिया गया था। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल में घुसकर 1200 लोगों को मार डाला और 234 को बंधक बना लिया। इसमें नोगा और उनकी मां भी शामिल थी। इसके कुछ घंटे बाद इजराइल सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया। फिर पिछले साल 24 नवंबर से 1 दिसंबर को हुए सीजफायर में 105 बंधकों को आजाद किया गया था। बचे हुए बंधक अब भी हमास की कैद में हैं। इनमें से 70 बंधकों के मारे जाने की बात हमास ने कही है। इजराइल पर हमास के आतंकी (20 अप्रैल) हमले के मंगलवार को 200 दिन हो गए। इस बीच इजराइल के सैन्य हमलों के बीच गाजा के 23 लाख नागरिकों को हर रोज खाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



### मणिपुर में CRPF के 2 जवान शहीद, कुकी उग्रवादियों ने सेंट्रल फोर्स की चौकी पर बम फेंका, 2 अन्य जवान जख्मी

**इम्फाल।** मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के ठीक 6 घंटे बाद शुक्रवार-रविवार रात विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में CRPF के दो जवान शहीद हो गए। घटना में दो जवान घायल भी हुए हैं। इनका इलाज इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (RIMS) में चल रहा है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने देर रात 12:30 बजे से लेकर 2:15 बजे के दौरान मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और 4 बम भी फेंके। यहां CRPF की चौकी के अंदर दो धमाके हुए। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर भाग गए। घटना में CRPF की 128वीं बटालियन के इंस्पेक्टर जादव दास, सब इंस्पेक्टर एन सरकार, हेड कॉन्स्टेबल अरूप सैनी और कॉन्स्टेबल आफताब हुसैन घायल हो गए। इनमें एन सरकार और अरूप सैनी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बिष्णुपुर जिला इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र में आता है। यहां 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग के दौरान भी फायरिंग, EVM में तोड़फोड़ और बूथ कैप्चरिंग की वारदात हुई थी। फायरिंग में 3 लोग घायल हुए थे। 26 अप्रैल को आउटर मणिपुर सीट के लिए कुछ इलाकों में वोटिंग हुई थी। हालांकि तब हिंसा की कोई वारदात नहीं हुई। दूसरी तरफ, मणिपुर के कांगपकोपी और इंफाल ईस्ट जिलों के बॉर्डर पर सिनम कोम गांव में भी शुक्रवार रात दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 33 साल एक विलेज वालंटियर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लैशराम प्रेम के रूप में की गई है। गोलीबारी के बाद से लैशराम लापता था। शनिवार सुबह उसका शव बरामद किया गया।



### UP-बिहार में 5 दिन तक हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए शनिवार से अगले 5 दिनों तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के कुछ जिलों में तापमान 42 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। उधर, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु , हरियाणा और दिल्ली में तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच बना हुआ है। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में सबसे ज्यादा टेम्परेचर 44.6* दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और मध्य प्रदेश में आज ओले भी गिर सकते हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र समेत नॉर्थ ईस्ट के 7 राज्यों में आज बारिश हो सकती है। IMD की साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने कहा- आने वाले दिनों में उत्तर भारत के राज्यों में आंधी-तूफान की स्थिति देखने को मिलेगी। इस कारण हीटवेव चलने की संभावना कम है। तापमान में भी 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी भी आ सकती है। सोमा सेन ने कहा शुक्रवार को भी उत्तर भारत के राज्यों खास तौर पर पंजाब और हरियाणा में आंधी तूफान देखने को मिला था। वहीं, दिल्ली में 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में अगले 2 दिन तक ओले और बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश और ओडिशा के कुछ जिलों में 45 डिग्री से 47 डिग्री सेल्सियस का अनुमान जताया गया है।



# अमेरिका में कार हादसा, 3 भारतीय महिलाओं की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली।

अमेरिका में एक भीषण कार हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। हादसा साउथ कैरोलिना के ग्रीनविले काउंटी में 27 अप्रैल, शनिवार को हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। इन महिलाओं का नाम रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल है। हादसा उस वक्त हुआ, जब महिलाओं की SUV कार हाइवे पर अनियंत्रित होकर पहले बैरिकैड से टकराई फिर पुल से नीचे गिर गई और पेड़ो में फंस गई। हादसा इतना भयानक था कि कार पुल से गिरने के बाद लगभग 20 फीट तक उछली थी।



**तीन महिलाओं के बीच देवरानी-जेठानी का रिश्ताः** मृतक तीनों महिलाओं एक ही परिवार से हैं। तीनों के बीच देवरानी-जेठानी की रिश्ता था। तीनों महिलाएं अमेरिका में अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहती थीं। मिली जानकारी के मुताबिक, कार में चार महिलाएं थीं। ये अटलांटा से साउथ कैरोलिना जा रही थीं। हादसे के वक्त कार की स्पीड भी तेज थी। पुलिस फिलहाल कार की स्पीड की जांच कर रही है। घटनास्थल पर मौजूद कोरोनर माइक एलिस ने कहा कि कार ओवरस्पीड में चलाई जा रही थी। हवा में उछलकर नीचे गिरने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने कहा कि हादसे में कोई अन्य राहगीर घायल नहीं हुआ है।

♦ 1 गंभीर रूप से घायल, हाईवे के बैरिकैड से टकराकर 20 फीट तक उछली कार

# बाहुबली धनंजय सिंह को हाईकोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी, जौनपुर।

जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। यह फैसला शनिवार को तब आया, जब जौनपुर पुलिस धनंजय को लेकर बरेली के लिए निकल चुकी थी। रास्ते में ही थे, तभी उनकी जमानत की खबर आ गई। हालांकि, हाईकोर्ट ने धनंजय सिंह की 7 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। ऐसे में वह खुद चुनाव नहीं लड़ सकते। जौनपुर MP-MLA कोर्ट ने धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ धनंजय ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल करते हुए सजा पर रोक लगाने और जमानत की मांग की थी। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। 25 अप्रैल को कोर्ट ने इस मामले में बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान पूर्व सांसद के वकील ने कोर्ट से कहा था कि धनंजय सिंह को राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है।



♦ जौनपुर से बरेली जेल शिफ्ट कर रहे थे, रास्ते में आया फैसला, पत्नी बोली- हत्या का डर

प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा-मेरे पति की हत्या हो सकती है। मेरे पति के ऊपर जिन लोगों ने एके-47 से जानलेवा हमला किया था। वे लोग सत्ता से सांठ-गांठ करके उनकी हत्या का प्रयास कर सकते हैं। उन्हें किसी और फर्जी मुकदमे में फंसा सकते हैं। क्योंकि, मेरे पति उस मामले में गवाह है, जिनकी गवाही से आरोपियों को सजा होनी तय है। इस दौरान श्रीकला ने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग डरे हैं। यही वजह रही कि हाईकोर्ट के फैसले तक का इंतजार नहीं किया।

रामबन लैंडस्लाइड

# अबतक 30 घर टूटे, 55 परिवारों का रेस्क्यू

एजेंसी, रामबन।

जम्मू में रामबन-गूल रोड पर गुरुवार (26 अप्रैल) की शाम से लैंड स्लाइड हो रहा है। करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंसने के बाद रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में करीब 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लैंड स्लाइड के बाद स्थानीय प्रशासन ने 55 परिवारों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। लेकिन इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है। ऐसे में रामबन में लैंड स्लाइड की घटना यात्रा पर असर डाल सकती है। काफिला जम्मू के भगवती नगर बेसकैंप से उधमपुर, पटनीटॉप से रामबन होते हुए अनंतनाग तक जाता है।

**फसलें चौपट, बिजली भी नहीं, NH 44 पर ट्रैफिक पर असर पड़ाः** घटना के कारण इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई और 60 हजार से ज्यादा लोगों का मुख्य शहर से संपर्क टूट गया है। मकानों में दरारें आने के बाद लोगों का रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। रामबन के डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने बताया है कि ग्रिड स्टेशन के लैंड स्लाइड में ढह जाने के बाद से जिले में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।



एक किमी के इलाके में जमीन धंसी, रामबन से ही निकलती है अमरनाथ यात्रा

# भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक

## रूस से तेल लेकर आ रहा था, हूतियों ने ली हमले की जिम्मेदारी

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत आ रहे एक जहाज पर शनिवार को लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ है। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है। जहाज का नाम अंड्रोमेडा स्टार बताया गया है। ये तेल लेकर भारत आ रहा था। शिप के मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड के मुताबिक घटना शुक्रवार शाम 5 बजकर 49 मिनट पर हुई। जहाज ब्रिटेन का है, जिस पर एंटीगुआ और बारबाडोस का झंडा लगा था। अटैक के बावजूद जहाज अपने रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इसने रूस के प्रिमोर्स्क से यात्रा शुरू की थी और ये गुजरात के वाडीनार पहुंचने वाला था।

**जहाज पर कई मिसाइलों के साथ 2 बार हमले हुएः** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत आ रहे जहाज पर 2 बार हमले हुए। इस दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागीं।



हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरीं। दूसरे हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा। लाल सागर में जहाज पर हमला कई दिनों की शांति के बाद अचानक हुआ है। इससे पहले इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने भारत आ रहे एक जहाज को होर्मुज पास से कब्जे में ले लिया था। ईरान ने कहा था कि वे बिना मंजूरी उनकी समुद्री सीमा में घुसा था। जहाज के क्रू मेंबर्स में 17 भारतीय और 2 पाकिस्तानी भी थे। ईरान ने पाकिस्तान के 2 नागरिकों और भारत की एक महिला क्रू मेंबर को छोड़ दिया। जबकि बाकी 16 भारतीय अभी भी ईरान की कैद में हैं। हूतियों ने शुक्रवार को सिर्फ भारत आ रहे जहाज ही नहीं, बल्कि अमेरिका के MQ-9 रीपर ड्रोन को भी अपना निशाना बनाया। हूतियों ने यमन के सादा प्रोविंस में ड्रोन को मिसाइल अटैक से मार गिराया है।

**हूतियों के हमले से भारत को नुकसानः** ग्लोबल ट्रेड का करीब 12% और 30% कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत का 80% व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90% ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। हूतियों से निपटने के लिए अमेरिका ने करीब 10 देशों के साथ मिलकर एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

**यूरोप से सामान लाने के लिए भारत के पास ये दो रास्तेः** इजराइल-हमास जंग के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही लगातार लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। इसकी वजह से कई जहाज अपना रास्ता भी बदल रहे हैं। हूतियों के हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर अब तक 4 बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ट्रेड पर गंभीर असर पड़ रहा है। भारत से यूरोप के लिए डीजल की सप्लाई पिछले 2 सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है।

# इजराइल विरोधी धरना दे रहे 550 छात्र गिरफ्तार

## स्टूडेंट्स पर टेजर गन चला रही पुलिस, प्रदर्शनकारियों के पास कश्मीर के पोस्टर भी दिखे

एजेंसी, नई दिल्ली।

अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में पुलिस की कार्रवाई के बावजूद इजराइल के खिलाफ हो प्रदर्शन नहीं रुक पा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया हाउस CNN के मुताबिक देश भर में अब तक 550 छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस धरना दे रहे छात्रों से निपटने के लिए टेजर गन और केमिकल्स का इस्तेमाल करने लगी है। इस बीच प्रोटेस्ट का सेंटर मानी जा रही कोलंबिया यूनिवर्सिटी की प्रेसीडेंट नेमत मिनोशे शाफिक ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी है कि वो आज रात 12 बजे तक विश्वविद्यालय के कैंपस में बनाए टेंट्स हटाने को हटा लें। इन टेंट्स में करीब 200 प्रदर्शनकारी छात्र हैं। मिनोशे पर प्रोटेस्ट को दबाने और पुलिस को यूनिवर्सिटी में बुलाकर लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के अधिकारों का हनन करने के आरोप लग रहे हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से अब तक 120 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**जायनिस्टों को जीने का अधिकार नहींः** अमेरिका में हो रहे प्रदर्शनों के बीच कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने एक छात्र नेता ख्यमानी जेम्स को निष्कासित कर दिया है। उसने जनवरी में एक प्रोटेस्ट के दौरान कहा था कि जायनिस्टों को जीने का अधिकार नहीं होना चाहिए। उन्हें मार देना चाहिए। दरअसल, जायनिस्ट वो लोग होते हैं, जिन्होंने फिलिस्तीन में इजराइल बसाने की मुहिम शुरू की थी। जायनिस्ट इस बात में यकीन रखते हैं कि फिलिस्तीन पर यहूदियों का अधिकार है। जनवरी में बनाया गया ख्यमानी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बीच यूनिवर्सिटी ने उसके खिलाफ कार्रवाई की है। ख्यमानी को बर्खास्त करने का फैसला विश्वविद्यालय में हुई एक सुनवाई के बाद लिया गया है। इसमें कॉलेज प्रशासन ने उससे पूछा था कि क्या ऐसा बयान देकर ख्यमानी को कोई पछतावा है और क्या वो अपने बयान से सहमत हैं। इसके जवाब में ख्यमानी ने कहा, 'हां, मैं अपने स्टैंड पर कायम हूं। उसे जायनिस्टों को मारने वाले बयान में कुछ गलत नहीं लगता है।



### छात्रों की मांग

- *कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर न्यूयॉर्क युनिवर्सिटी तक फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले संगठनों की मांग है कि यूनिवर्सिटीज उन कंपनियों से अलग हो जाएं, जो इजराइल से लाभ कमाती हैं।*
- *न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनों का नेतृत्व NYU फिलिस्तीन सॉलिडेरिटी कोइलिशन कर रहा है। ये छात्र चाहते हैं कि यूनिवर्सिटी का तेल अवीव कैंपस बंद किया जाए, क्योंकि यहां फिलिस्तीनी छात्रों को एडमिशन नहीं दिया जाता है।*
- *येल में प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी इजराइल के लिए सैन्य हथियारों का निर्माण करने वाली कंपनीज से अलग हो जाए।*

# मणिपुर में एक छत के नीचे पढ़ाई कर रहे कुकी-मैतेई

एजेंसी, इंफाल।

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच अब तक संघर्ष जारी है। इस बीच दोनों समुदायों के छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ा है। इसे देखते हुए असम राइफल्स ने मणिपुर के उखरूल में सेंटर ऑफ एजुकेशनल एक्सीलेंस शुरू किया है, जिसमें मैतेई, कुकी और नगा समुदाय की 37 छात्राओं को शेल्टर दिया है। सेना ने यह शेल्टर एक NGO के साथ मिलकर खोला है। इसका उद्देश्य है दोनों समुदायों के स्टूडेंट्स को पढ़ाई करने का मौका देना। इन 37 छात्राओं में से 22 नगा हैं, 8 मैतेई और 6 कुकी हैं। इनके अलावा एक पंगल समुदाय की स्टूडेंट भी शामिल है। उखरूल जिला चुराचांदपुर से पांच घंटे की दूरी पर है। चुराचांदपुर दोनों समुदायों के बीच हिंसा का केंद्र था। असम राइफल्स ने अपने बयान में कहा है कि सेंटर ऑफ एजुकेशनल एक्सीलेंस इन स्टूडेंट्स के लिए आशा की एक किरण जैसा है। उन्हें अपने करियर गोल को पूरा करने के लिए जो जरूरी मदद चाहिए, वह यहां दी जाएगी। ये सेंटर इस मुश्किल हालात में NIEDO और असम राइफल्स की लगातार कोशिशों का नतीजा है। असम राइफल्स के इस इनिशिएटिव को लेकर चुराचांदपुर की कुकी छात्रा ने कहा कि उसे असम राइफल्स की तरफ से बहुत मदद मिली है।



♦ असम राइफल्स ने उखरूल में 37 छात्राओं को शेल्टर दिया

# उत्तराखंड के जंगलों में 4 दिनों से आग लगी

एजेंसी, देहरादून।

गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं अचानक बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा असर गढ़वाल और कुमाऊ मंडल के 10 जिलों में है। गढ़वाल मंडल में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, देहरादून और कुमाऊ मंडल में नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नैनीताल के भीमताल से सटे जंगलों में पिछले 4 दिनों से लगी आग शुक्रवार को खतरनाक हो गई। लपटें नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी और आर्मी एरिया से कुछ दूर तक पहुंच गईं। अभी इलाका खाली नहीं कराया गया है। लोगों को अलर्ट किया गया है। वन विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। आर्मी एरिया में आग पहुंचती देख एयरफोर्स के MI-17 हेलिकॉप्टर की मदद ली गई। सुबह से शुरू हुआ ऑपरेशन शाम को खत्म हो गया। अब तक 720 हेक्टेयर (1780 एकड़) जंगल को नुकसान पहुंचा है। यह आंकड़ा और बढ़ेगा।



# भाजपा ने गूगल-यूट्यूब को दिए 102 करोड़ के विज्ञापन

## 6 साल में पब्लिश पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट में BJP के 73%, सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ कर्नाटक पर खर्च

एजेंसी, नई दिल्ली।

भाजपा गूगल और यूट्यूब पर विज्ञापन के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली पहली भारतीय पॉलिटिकल पार्टी बन गई है। गूगल की विज्ञापन ट्रांसपेरैंसी रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मई 2018 से 25 अप्रैल 2024 तक भाजपा ने 102 करोड़ रुपए विज्ञापन के लिए खर्च किए हैं। पिछले पांच सालों में पब्लिश्ड गूगल विज्ञापन में भाजपा का हिस्सा करीब 26% है। इस दौरान कुल 390 करोड़ रुपए के पॉलिटिकल विज्ञापन पब्लिश हुए हैं। इस दौरान कुल 2.17 लाख ऑनलाइन ऐड दिए गए हैं। इनमें से कुल 1.61 लाख ऐड (73%) राजनीतिक विज्ञापन कैटेगरी के तहत भाजपा के थे। भाजपा ने कर्नाटक में सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ रुपए के ऐड दिए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी ने 10.3 करोड़, राजस्थान के लिए 8.5 करोड़ और दिल्ली के लिए 7.6 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं। वहीं, लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे फेज के दौरान (19 से 25 अप्रैल तक) भाजपा से ज्यादा खर्च कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने 5.7 करोड़ रुपए, जबकि भाजपा ने 5.3 करोड़ खर्च किए हैं।




**कांग्रेस ने सबसे ज्यादा विज्ञापन साउथ के राज्यों में दिएः** रिपोर्ट में कहा गया है कि 5992 ऑनलाइन ऐड के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। पार्टी ने इन विज्ञापनों पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। जो भाजपा के ऐड का सिर्फ 3.7% है। इसके विज्ञापन अभियान मुख्य रूप से कर्नाटक और तेलंगाना (प्रत्येक पर 9.6 करोड़ रुपए से अधिक खर्च) और मध्य प्रदेश (6.3 करोड़ रुपए) पर केंद्रित थे।

### छरिपोर्ट के तीन महत्वपूर्ण पॉइंट्स

- *तीसरे स्थान पर तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी DMK है। इसने 2018 से अब तक ऑनलाइन ऐड पर 42 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसमें इस साल फरवरी से राजनीतिक सलाहकार फर्म पॉपुलस एम्पावरमेंट नेटवर्क द्वारा उसकी ओर से खर्च किए गए 16.6 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।*
- *तमिलनाडु के बाहर DMK ने कर्नाटक और केरल में डिजिटल विज्ञापनों पर 14 लाख रुपए और 13 रुपए खर्च किए।*
- *चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी ने अलग-अलग पार्टियों के लिए 11.2 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं।*

# नया साल नए अजूबे





तुम दुनिया के नए-पुराने सभी अजूबों के बारे में जानते होगे। ये अजूबे वर्षों पहले बने थे, मगर आज भी ऐसे कई काम हो रहे हैं, जो तुम्हारे लिए किसी अजूबे से कम नहीं हैं।

## दुनिया का पहला निराला घर

आज तक तुमने कई तरह के डिजाइन वाले घर देखे होंगे। कई ऐसे घर होंगे, जो कि सी अनोखे आकार में तुम्हें आकर्षित भी करते होंगे। अलग-अलग तरह के डिजाइन करने वाले वास्तुकार भी हर सुख-सुविधा का घर बनाते हैं। पर अगर हम तुमसे ये पूछें कि क्या तुमने कभी उल्टा घर भी देखा है, जिसका बेस उसकी छत की तरह हो और छत जमीन से सटी हो। हां, एक ऐसा घर बन कर तैयार है, जिसे देखकर ऐसा लगेगा, मानो कुछ देर पहले कोई जबरदस्त भूंकप ने इस घर को एकदम उलट दिया हो। जब तुम इसे देखोगे तो अपनी बाईं या दाईं तरफ घुमाकर उसे सीधा देखने की कोशिश करोगे।

इस घर के किचन से लेकर बाथरूम और हर एक कमरा अपने सिर के बल उल्टा लटका हुआ लगता है। 23 फीट ऊंचे इस घर में रहने के लिए वह हर स्थान है, जो एक परिवार के लिए जरूरी होता है। मगर यह घर रहने के लिए नहीं बनाया गया है। इस घर का निर्माण जर्मनी स्थित एक चिड़ियाघर के लिए किया गया है। यहां के स्थानीय कारपेंटर गैरहार्ड ने इस बारे में सोचा। फिर उसने अपने अन्य साथियों को इस बारे में बताया।

गैरहार्ड की बात सुनकर सबने उन्हें प्रोत्साहित किया और इस काम में मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही गैरहार्ड ने इसका निर्माण कार्य आरंभ किया। करीब 50 अलग-अलग टुकड़ों की मदद से इस घर की छत को बनाया गया है। हर चीज को सही तरीके से करने में निर्माताओं को महीनों तक मेहनत करनी पड़ी। कारीगरों के मुताबिक आज उन्हें यह सुखद एहसास होता है कि उन्होंने दुनिया का एक निराला घर तैयार किया है। इस घर के बनने के बाद से यहां दूर-दूर से लोग इसे देखने के लिए प्रतिदिन आते हैं। इस चिड़ियाघर में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है।

## लैड से बच्चों को बचाने की पहल



पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए विश्व में अलग-अलग स्तर पर काम किया जा रहा है। हर संभव कोशिश की जा रही है कि जहीरीले पदार्थों से इस धरती को कैसे बचाया जाए। बच्चों को बड़ों से अधिक संवेदनशील माना जाता है। इसीलिए उन पर दूषित होते पर्यावरण का असर अधिक होता है। खेल-खेल में उनके स्वास्थ्य को खतरा न हो, इसकी पहल हो चुकी है। बेंगलुरू में बच्चों के खेलने का एक ऐसा पार्क तैयार है, जो खतरनाक शीशा यानी लैड से मुक्त है। इसके पीछे बेंगलुरू के बायोकैमिस्ट्री के रिटायर्ड प्रोफेसर थुप्पली वेंकटेश की मेहनत है। डॉक्टर वेंकटेश ने यहां देश का पहला ऐसा सेंटर तैयार करवाया, जो लैड के जहरीले कणों से लड़ने के विकल्प को ढूंढ़ रहा है। उन्होंने अपनी रिसर्च में पाया कि लैड मनुष्य को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर के बच्चों का स्वास्थ्य। लैड से बच्चों का आई क्यू भी कम हो जाता है। अब उन्होंने यह भी बताया कि आखिर बच्चों तक लैड पहुंचता कैसे है। उनके मुताबिक बच्चों को लैड के दुष्प्रभाव हर वक्त अपनी चपेट में लेने के लिए तैयार रहते हैं। घर, स्कूल व पार्क में इस्तेमाल किया जाने वाला पेंट ही बच्चों का सबसे बड़ा दुश्मन है। आमतौर पर प्रदूषण की परिभाषा गाड़ियों व फैक्टरियों के धुएं को ही दी जाती है। स्कूल बसों का पीला रंग और खेल के मैदान में इस्तेमाल किये जाने वाले अलग-अलग पेंट में भी लैड पाया जाता है। डॉ. वेंकटेश ने बच्चों के जीवन से लैड को दूर करने की शुरुआत बेंगलुरू के पार्क से करनी चाही, क्योंकि पार्क बच्चों की मस्ती की मनपसंद जगह है। जब पार्क तैयार किया जाना था तो सबसे बड़ी मुश्किल यही थी कि आखिर लैड फ्री पेंट कहां से लाया जाए। हैरानी तब हुई जब किसी भी भारतीय पेंट निर्माता के पास लैड फ्री पेंट नहीं पाया गया।

कुछ विज्ञापन उत्पादों में जरूर लैड फ्री का दावा किया जाता है, मगर उनकी संख्या न के बराबर है। इस समस्या से निपटने के लिए उन्होंने सबसे पहले मैसूर पेंट्स एंड लैक कंपनी को मनाया कि उनके लिए लैड फ्री पेंट तैयार करे। दूसरे चरण में बेंगलुरू की जवाहर बाल भारती संस्था से बात की गई। यह एक ऐसा पार्क है, जहां हर रोज करीब 3 हजार बच्चों आते हैं। बस इसी पार्क को लैड फ्री बनाए जाने की योजना बनाई गई। योजना सफल हुई और पिछले दिनों सभी बच्चों के लिए इसे खोल दिया गया। डॉ. वेंकटेश चाहते हैं कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत देश के हर स्कूल व पार्क को लैड फ्री बनाया जाए। एर्नाकुलम के सरकारी अस्पताल पहल करते हुए पैडियाट्रिक डिपार्टमेंट को लैड फी बना रहे हैं। एक बार लोगों में जागरूकता आएगी और पेंट्स कंपनी साथ देंगी तो वे दिन दूर नहीं कि घर व बाहर हर जगह लैड फी पेंट का इस्तेमाल किया जाएगा। मजेदार बात यह है कि लैड फ्री पेंट दूसरे पेंट के मुकाबले सस्ता भी है। मैसूर पेंट्स के मुताबिक जहां लैड फी पेंट 180 रुपए प्रति लीटर बिकेगा, वहीं दूसरे पेंट्स 250 रुपए प्रति लीटर से अधिक कीमत में बिक रहे हैं।







## नमक की ईंटों पर खड़ा है ये होटल...

फाइव स्टार से फाइव स्टार डीलक्स होटल तक हर बड़े शहरों में देखे जाते हैं। उनकी दीवारों और छतों को बनाने में आमतौर पर सीमेंट, लोहा, ईंट, डस्ट आदि का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन सोचो कि अगर किसी होटल में दाखिल होते ही नोटिस बोर्ड पर होटल की दीवारों से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी लिखी हो तो कितनी हैरानी होगी तुम्हें। जी हां, कुछ ऐसे शब्दों को बोलविया के एक होटल में लिखा देखा जा सकता है। यह होटल पूरी तरह से नमक का बना हुआ है। समुद्रतल से 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस होटल को करीब से देखने व ठहरने के लिए हजारों पर्यटक हर साल पहुंच रहे हैं। यहां वे सभी सुविधाएं हैं, जो एक स्तरीय होटल से उम्मीद की जाती है। होटल को बनाने के लिए नमक की ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। नमक की दीवारें यहां के तापमान को भी नियत्रित करती हैं। यहां रात में तापमान -9 और 5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। यहां तकरीबन 60 हजार यात्री हर साल आते हैं। यह होटल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में पूरी दुनिया में मशहूर हो चुका है। लोग दूर-दूर से यहां रहने आते हैं और अलग अनुभव पाते हैं।

## अब बीज बच जाएंगे...

सीड वॉल्ट एक बीज बैंक है। इसे बनाने में नॉर्वे और इंग्लैंड जैसे देशों का योगदान खासा अहम रहा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे बीज बैंक हैं, जो फसलों, फूलों और दूसरी चीजों के बीजों को संजोकर रखते हैं। ऐसा इसलिये होता है कि कभी भी विपदा के समय वह काम आ सकें। मगर अब इससे भी एक कदम आगे की बात वैज्ञानिकों ने की है। उन्होंने नॉर्थ पोल, जो दुनिया का बेहद ठंडा इलाका है, वहां पर एक बीज बैंक बनाया है।

यह बीज बैंक दूसरे बैंकों जैसा ही है। मगर इतना विशाल है कि तुम शायद सोच भी नहीं सकते हो। यह ऐसी जगह है, जहां पर इस तरह की विपदा आसानी से नहीं आएगी। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने इस जगह को इसलिये भी चुना, क्योंकि यहां के बर्फीले मौसम में बीज को लम्बे समय तक के लिये बचा कर रखा जा सकता है। इसको बनाते समय कई देशों ने आपसी समझौते के तहत इस जगह को नो वार जोन में बदल दिया। यानी किसी भी सूरत में यहां युद्ध नहीं होगा। यह सीड वॉल्ट बर्फ की चट्टानों को काटकर बहुत गहराई में अंदर तक बनाया गया है। इसमें किसी भी किस्म के लाखों की संख्या में बीज रखे हैं। दुनिया का कोई पेड़-पौधा ऐसा नहीं बचा है, जिसका बीज यहां पर मौजूद न हो। मजे की बात है कि यह बैंक किसी तरह की विपदा आने पर उस देश को बीज देने में किसी तरह की वसूली नहीं करता है। यह इस पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिये ही किया जा रहा है। आज हम कह सकते हैं कि भले ही पृथ्वी पर से डायनासोर जैसे जीव लुप्त हो गए हों, मगर आज पृथ्वी पर जीवन बचाने की यह कोशिश देखकर लगता है कि शायद इस हरी-भरी पृथ्वी पर इसकी हरियाली हमेशा कायम रहेगी।








## गेम्स से भी कुछ सीखो

गेम्स, गेम्स, गेम्स। दिन में गेम्स, रात में गेम्स, छुट्टी में दिन भर गेम्स, घर में दोस्त आ जाएं तो गेम्स और कोई घर में न हो तो गेम्स। एक बार तुम्हें मौका मिला नहीं कि गेम्स खेलना शुरू कर देते हो और हाई स्कोर तक पहुंच कर ही मानते हो, फिर चाहे मम्मी खाने के लिए डांटती रहे, तुम्हें कंप्यूटर की सीट से कोई हिला नहीं पाता। गेम्स की दुनिया तुम्हें इतनी पसंद है कि परीक्षा के दिनों में सबसे छिपकर तुम गेम्स खेलने का टाइम निकाल ही लेते हो। वह अलग बात है कि अगले दिन परीक्षा में सवाल हल करते हुए भी तुम्हें अपने पसंदीदा गेम्स की थोड़ी-बहुत याद आ ही जाती है। लेकिन यह बात भी सही है कि गेम्स खेलने के अलावा तुम्हें नई मजोदार चीजें भी सीखना पसंद है। तो चलो आज तुम्हें ऐसी ही एक मजेदार साइट के बारे में बताते हैं, जहां तुम गेम्स खेलते-खेलते कई मजेदार चीजें भी सीखोगे।

### डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट लर्निंग गेम्स फॉर किड्स डॉट कॉम

इस साइट पर जाते ही तुम्हें दाएं साइड में गेम्स की कई कैटेगरी दिखेंगी। इसमें से जो भी केटेगरी के गेम्स खेलना चाहो, उस पर क्लिक करने पर कई गेम्स की लिस्ट नजर आएगी, जिसमें से तुम कोई गेम चुन सकते हो। इससे एक तो तुम्हें मजा बहुत आएगा, साथ ही तुम्हारी नॉलेज इतनी बढ़ जाएगी कि तुम्हारे स्कूल में सब चौंक जाएंगे।

### टाइपिंग स्पीड बढ़ेगी

जब भी तुम दीदी को कंप्यूटर पर जल्दी-जल्दी टाइप करते देखते हो तो तुम्हारा भी मन करता है कि काश, तुम भी इतनी ही जल्दी टाइप कर पाते। यहां बड़े आराम से तुम टाइपिंग करना सीख जाओगे। बस कीबोर्ड गेम्स वाले ऑप्शन पर क्लिक करो और टाइपिंग प्रैक्टिस शुरू कर दो। एक बार सीखने के बाद तुम यहां अपना टाइपिंग स्पीड टेस्ट लेकर देख सकते हो कि तुम्हें प्रैक्टिस की और जरूरत है या नहीं।

### तुम्हारे विषय से जुड़े गेम्स भी हैं

यहां तुम सभी विषयों के गेम्स खेल सकते हो। अगर तुम्हें इंग्लिश पसंद है, तो तुम वोकेब्युलरी गेम्स, स्पेलिंग गेम्स, अल्फाबेट गेम्स खेल कर जांच सकते हो कि तुम्हारी इंग्लिश कैसी है। साइंस गेम्स खेलना चाहते हो तो तुम्हारे लिए साइंस के टॉपिक्स के गेम्स भी हैं। इसके अलावा मैथ्स, सोशल साइंस, ज्योग्राफी के गेम्स भी हैं।

### आर्ट और म्यूजिक के गेम्स

तुम आरकेस्ट्रा, जैज, ओपेरा, ब्लूग्रास जैसी म्यूजिक को सुन सकते हो और इसके गेम्स खेलते हुए उनके बारे में जान भी सकते हो। इसके अलावा यहां पेंटिंग भी कर सकते हो। इस साइट पर राइम्स सुन सकते हो और वीडियो के जरिये मछलियों, पक्षियों और समुद्र आदि के संसार में झांक सकते हो।



## समुद्री जीवों को खतरा

दुनिया के समुद्र में जिस तरह से एसिड का स्तर बढ़ रहा है, उससे समुद्री जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही हाल रहा तो 2100 तक कई सारे समुद्री जीव समाप्त हो जाएंगे। इसे चिंता को लेकर दुनिया के 500 से ज्यादा जाने-माने विशेषज्ञ साल 2012 में कैलिफोर्निया में जुटे थे। शोधकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि वर्ष 2100 तक एसिड का स्तर 170 फीसदी तक बढ़ सकता है। मुख्य रूप से कार्बन डाइ-ऑक्साइड के उत्सर्जन को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एसिड का स्तर बढ़ाने में इनसानी गतिविधियों का हाथ है, जो हर दिन दो करोड़ 40 लाख टन कार्बन डाइ-ऑक्साइड समुद्र में घोल रहे हैं। समुद्र की गहराई में किए अध्ययन से पता चलता है कि जहां पानी में एसिड का स्तर कार्बन डाइऑक्साइड की वजह से ज्यादा है, वहीं बढ़ता एसिड उन समुद्री जीवों के लिए खतरा है जिनका कवच कैल्शियम कार्बोनेट से बनता है। एसिड का सबसे ज्यादा असर आर्कटिक और अंटार्कटिक में देखा जा रहा है।







हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अखबार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, रविवार, 28 अप्रैल, 2024





# जेरार्ड पिक से अलग होने के बावजूद पॉप सिंगर शकीरा को है प्यार पर पूरा भरोसा

लॉस **एंजेलिस**। 2022 में स्पेन के फुटबॉल स्टार जेरार्ड पिक से अलग होने के बाद भी पॉप सिंगर शकीरा का प्यार पर विश्वास बना हुआ है। शकीरा और उनके पार्टनर जेरार्ड पीके 12 साल के रिश्ते के बाद एक-दूसरे से अलग हुए। मैरी क्लेयर यूके से बात करते हुए शकीरा ने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि मेरा प्यार में विश्वास उठ गया है। मैंने अपने माता-पिता को देखा है, जो 50 साल से साथ में हैं, कैसे वे एक-दूसरे की आंखों में देखते हैं और हाथ पकड़ते हैं और एक-दूसरे के बिना एक पल भी नहीं रह सकते। मैंने प्यार देखा है, हालांकि मैं खुद को इतना भाग्यशाली नहीं मानती।

उन्होंने आगे कहा, एक ही बार शादी करना सामाजिक नजरिए से आदर्श माना जाता है। लेकिन मुझे अन्य तरीकों से खूब प्यार मिला है, मेरे फैंस, मेरे बच्चों और सच्चे दोस्तों से। दोस्ती प्यार का सबसे शुद्ध रूप है और यह सच है। मेरे अनुभव में यह रिश्ता लंबे समय तक चलता है। शकीरा ने कहा- मेरा रिश्ता 12 साल तक चला, लेकिन मेरे दोस्त जिंदगी भर मेरा साथ रहे। जब मुसीबत आई, तब मुझे पता चला कि दोस्ती वास्तव में कितनी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगर ने खुलासा किया कि वह हमेशा से अपने पिता की तरह पार्टनर की तलाश में थी। अंदर से, मैं हमेशा सोचती थी कि मेरी जिंदगी में एक पति का होना जरूरी है। मैं उस आदमी की तलाश में थी, जिसमें मेरे पिता की तरह गुण हो, उसके साथ मैं बच्चे पैदा करूं और फिर अपने माता-पिता की तरह हमेशा के लिए उसके साथ रहूं, इसके लिए मैंने कई त्याग किये। मैं लॉयल थी, लेकिन कभी-कभी चीजें प्लानिंग के मुताबिक नहीं होतीं।

# हंसल मेहता ने किया लापता लेडीज का रिव्यू, बोले- मैं ज्यादा उम्मीद लेकर गया था, लेकिन...







किरण राव की हालिया रिलीज फिल्म लापता लेडीज को काफी सराहना मिली है। फिल्म की कहानी और अदाकारी दर्शकों को काफी पसंद आई है। अब इस फिल्म को लेकर मशहूर फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने भी अपनी राय दी है। किरण राव द्वारा निर्देशित लापता लेडीज इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए किरण राव को काफी तारीफें मिली हैं। 1 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की दुनिया में वापसी की थी। इससे पहले उनकी आखिरी फिल्म धोबी घाट थी, जो साल 2010 में रिलीज हुई थी। लापता लेडिज के साथ किरण राव ने अच्छी वापसी की है। अब फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने लापता लेडीज की समीक्षा की है।

### बताया बड़े दिलवाली फिल्म

हंसल मेहता ने हाल में ही यह फिल्म देखी है। फिल्म देखने के बाद उन्होंन अपने एक्स अकांउट पर इसकी समीक्षा की है। उन्होंने कहा, बहुत बड़े दिल वाली फिल्म लापता लेडीज देखी, कभी-कभी एक बेहतर फिल्म बनाने के लिए आपको सिर्फ सादगी और स्पष्टता की जरुरत होती है। यह वैसी ही एक फिल्म है। हंसल मेहता की समीक्षा से यह साफ जाहिर होता है कि यह फिल्म उन्हें काफी पसंद आई है। सरल तरीके से एक अनोखा अनुभव देने वाली इस फिल्म ने उन्हें काफी प्रभावित किया है।

### उम्मीद से भी बेहतर है फिल्म

फिल्म के अपनी उम्मीदों से भी आगे निकल जाने पर मेहता ने कहा, मैं अधिक उम्मीद लेकर फिल्म देखने गया था, लेकिन यह उस उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बेहतर है। यह एक अच्छी दिखने वाली पुरानी, लेकिन प्रत्यक्ष रुप से ना दिखते हुए भी एक आधुनिक फिल्म है। इसमें आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह भ्रामक रुप से सरल और हास्य फिल्म है। यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की लिखी एक अवार्ड विजेता कहानी पर आधारित है। फिल्म के लिए स्नेहा देसाई ने स्क्रीन प्ले और डायलॉग लिखे हैं। इनके अलावा दिव्या निधि शर्मा ने भी कुछ अतिरिक्त डायलॉग लिखे हैं।

### आमिर खान हैं निर्माता

लापता लेडीज शादी के बाद ससुराल जा रही दो दुल्हनों की कहानी है, जो ट्रेन यात्रा के दौरान बदल जाती हैं। इसके बाद उनके आगे के अनुभव और यात्रा पर फिल्म की कहानी आधारित है। इस फिल्म के सरल हास्य दृश्यों और बेहतरीन अदाकारी के लिए फिल्म को काफी तारीफें मिली हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और ज्योति देशपांडे ने किया है। फिल्म में काफी प्रतिभावान कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन ने अहम किरदार निभाया है।



# फ्लाइट में फंसी अदिति राव हैदरी ने कहा, हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी मुंबई में सुबह-सुबह एक फ्लाइट में फंस गई, जहां न तो कोई सीढ़ी थी और न ही कोई एयरब्रिज। उन्होंने इस स्थिति पर कहा कि हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं। अदिति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फ्लाइट विंडो से उतरने के बाद एयरपोर्ट की एक तस्वीर शेयर की। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं! न कोई सीढ़ी और न ही कोई एयरब्रिज। हमने 12.10 बजे ये एयरपोर्ट सर्कस देखा। उन्होंने पोस्ट में विस्तारा एयरलाइंस को भी टैग किया। हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज 1 मई 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन के निर्माता पर लगाए गंभीर आरोप

**अभिनेत्री** कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन छोड़ने की वजह का खुलासा किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और शुभ शगुन के निर्माता पर उन्हें परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया। हिट टेलीविजन शो ये है मोहब्बतें से मशहूर होने वाली अभिनेत्री कृष्णा मुखर्जी को आखिरी बार टीवी शो शुभ शगुन में शहजादा धामी के साथ देखा गया था और तब से अभिनेत्री ने टीवी से ब्रेक ले लिया है। अब अभिनेत्री ने शो छोड़ने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। आज शनिवार को कृष्णा मुखर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और शुभ शगुन निर्माता पर उन्हें परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने बकाया भुगतान न करने का भी आरोप लगाया, जिसके कारण उन्होंने शूटिंग बंद कर दी।

**तनाव में हैं अभिनेत्री**

अभिनेत्री ने कहा कि वे निर्माता की वजह से पिछले कुछ महीनों से अवसाद और चिंता से गुजर रही हैं और दावा किया कि शो के सेट पर उन्हें परेशान किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि निर्माता ने उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया, जब वह कपड़े बदल रही थीं तो दरवाजा पीटा और कई बार धमकी दी।

**शो करना सबसे गलत फैसला**

अभिनेत्री की पोस्ट में लिखा है, मुझमें कभी अपने दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं थी, लेकिन आज मैंने फैसला किया कि मैं इसे अब और नहीं रोकूंगी। मैं कठिन दौर से गुजर रही हूं और पिछला डेढ़ साल मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं उदास और चिंतित हूं और जब मैं अकेली थी तो दिल खोलकर रोती थी। यह सब तब शुरू हुआ, जब मैंने दंगल टीवी के लिए अपना आखिरी शो शुभ शगुन करना शुरू किया। वो मेरी जिंदगी का सबसे खराब फैसला था। मैं ऐसा कभी नहीं करना चाहती थी, लेकिन मैंने दूसरों की बात सुनी और अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए।

**शो के निर्माता ने किया परेशान**

उन्होंने आगे लिखा, प्रोडक्शन हाउस और निर्माता कुंदन शाह ने मुझे कई बार परेशान किया है। यहां तक कि एक बार उन्होंने मुझे मेरे मेकअप रूम में बंद कर दिया, क्योंकि मैं अस्वस्थ थी और मैंने शूटिंग न करने का फैसला किया, क्योंकि वे मुझे मेरे काम के लिए भुगतान नहीं कर रहे थे और मैं भी अस्वस्थ थी, वे मेरे मेकअप रूम के दरवाजे को पीट रहे थे, जैसे कि वे इसे तोड़ देंगे, जब मैं मेरे कपड़े बदल रही थी। उन्होंने आज तक पांच महीने तक का मेरा भुगतान कभी नहीं चुकाया और यह सचमुच बहुत बड़ी रकम है। मैं प्रोडक्शन हाउस और दंगल ऑफिस गई हूं, लेकिन उन्होंने कभी मेरी बात नहीं सुनी।

**सेट पर असुरक्षित महसूस करती थीं अभिनेत्री**

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि सेट पर उन्हें असुरक्षित महसूस हुआ और इसलिए उन्होंने शो छोड़ दिया। उन्होंने लिखा, कई बार धमकी भी दी गई। पूरे समय मैं असुरक्षित, टूटा हुआ और डरा हुआ महसूस कर रही थी। मैं असुरक्षित महसूस करती हूं। मैंने कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसमें कोई कुछ नहीं कर सके। लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं कोई शो क्यों नहीं कर रही? यही कारण है। मुझे डर लग रहा है कि अगर वही बात दोबारा हुई तो क्या होगा? मुझे न्याय चाहिए।

# बेटे के जन्म के बाद सदमे में चली गईं थीं सोनम



अभिनेत्री सोनम कपूर ने बेटे के जन्म के बाद बढ़े वजन को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह रिश्ते बदल जाते हैं। साल 2022 में उन्होंने बेटे वायु आहूजा को जन्म दिया था।

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने मां बनने के बाद के अनुभवों का साझा किया। सोनम ने कहा कि उन्होंने हमेशा खुद को वैसे ही स्वीकार किया है जैसी वो हैं, लेकिन बेटे वायु के जन्म के बाद उनका वजन 32 किलो बढ़ गया था। बढ़े वजन के कारण वह काफी परेशान हो गईं और सदमे में चली गईं थीं। अभिनेत्री सोनम कपूर 38 साल की उम्र में साल 2018 में व्यवसायी आनंद आहूजा के संग शादी के पवित्र बंधन में बंधी थीं। साल 2022 में उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया।

### सदमे में चली गईं थीं सोनम कपूर

एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बच्चे के जन्म के बाद आने वाले बदलावों पर खुलकर बात की। सोनम ने कहा, 'मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया था। सच कहूं तो शुरू में मैं सदमे में थी।

आपका अपने बच्चे के प्रति इतना लगाव हो जाता है कि आप अपने व्यायाम और सही खानपान के बारे में ध्यान नहीं रख पाते। इसे ठीक करने में मुझे डेढ़ साल लग गए। मैंने इसे बहुत धीमी गति से किया, आपको धीमा होना होगा, क्योंकि नए के साथ तालमेल बिठाना होता है।

# बालाकोट एंड बियॉन्ड में एयर स्ट्राइक को बारीकी से समझाया: जिमी शेरगिल



एक्टर जिमी शेरगिल ने अपनी अपकमिंग सीरीज रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड के बारे में बात करते हुए कहा कि जिन लोगों ने पहले बालाकोट पर फिल्में या सीरीज बनाई, उनका काम काफी सतही है, उन्होंने ठीक से रिसर्च नहीं किया। जिमी ने कहा कि जिन्होंने ऐसी फिल्में या सीरीज बनाई हैं, वो केवल सतह को छू कर निकल गए, लेकिन रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड के साथ हम इसमें गहराई से उतरे हैं।

रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड में लारा दत्ता, आशुतोष राणा, आशीष विद्यार्थी और प्रसन्ना हैं। वेब सीरीज दर्शकों को बालाकोट जैसे बड़े डिफेंस ऑपरेशन को दिखाती है। जिमी ने कहा ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि दर्शकों ने इसका आनंद लिया है, और हमें विश्वास है कि सीरीज लोगों को सीट से बांधे रखेगी। यह सीरीज 25 अप्रैल से जियोसिनेमा पर स्ट्रीम होगी।

# अनुष्का शंकर को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मिलेगी मानद उपाधि



मशहूर सितार वादक, निर्माता, संगीतकार और ग्रैमी अवॉर्ड्स में 9 बार नॉमिनेशन पा चुकीं अनुष्का शंकर को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से मानद उपाधि मिलेगी। उन्होंने इसे अपने करियर का बेहद अहम पल बताया। अनुष्का भारत रत्न से सम्मानित सितार वादक पंडित रविशंकर की बेटी हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री में अनुष्का की उत्कृष्ट उपलब्धियों के चलते उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है, जो संगीत के क्षेत्र में उनके गहरे प्रभाव और उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अनुष्का ने कहा कि यह वास्तव में मेरे करियर का बेहद अहम और सुखद पल है, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह का सम्मान मिलेगा। मानद उपाधि प्रदान करने के लिए मैं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी पूर्व शिक्षकों के प्रति भी आभारी महसूस करती हूं, जिन्होंने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने पिता के मार्गदर्शन में संगीत की सबसे अनमोल शिक्षा मिली और 13 साल की उम्र के बाद अपने करियर में अपनी मां से कोचिंग और समर्थन मिला। यह सब उन्हीं की देन है। अनुष्का को 19 जून को विश्वविद्यालय के वार्षिक एनकेनिया शैक्षणिक समारोह में डिग्री प्रदान की जाएगी।